mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-304 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना

05 नवंबर 2024 मंगलवार

दैनिक मीडिया ऑडीटर

# दैनिक मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



जय शाह के बाद कौन..

@ पेज 7

# योगी कैबिनेट ने 27 प्रस्तावों को दी मंजूरी

## अब टीचर का ट्रांसफर 5 की बजाए 3 साल में होगा

**लखनऊ (एजेंसी)।** सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक हुई। इसमें 27 प्रस्तावों पर मुहर लगी। सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेज के टीचर का ट्रांसफर अब 5 की बजाए 3 साल की न्यूनतम सेवा के बाद हो सकेगा। इसके अलावा, पशु चिकित्सा के क्षेत्र में डिप्लोमा व सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के लिए भी नीति को मंजूरी मिल गई है। योगी सरकार ने नई शीरा नीति को भी मंजूरी दी है। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया।



राज्य के रिटायर्ड कर्मचारियों के लिए रिटायरमेंट बेनिफिट रूल्स-1961 में भी संशोधन को मंजूरी मिली है। इसमें कोई सरकारी कर्मचारी रिटायरमेंट के बाद यदि अपने किसी नॉमिनी, वारिस को नहीं छोड़ता है तो उसकी ग्रेच्युटी का पैसा सरकार के पास चला जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

### इन योजनाओं को मंजूरी

ललितपुर में भौरट बांध परियोजना के द्वितीय पुनरीक्षित प्रस्ताव को मंजूरी।

केन बेतवा लिंक परियोजना हेतु प्रस्ताव को स्वीकृति, बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त क्षेत्र को लाभ प्राप्त होगा।

प्रदेश में पशु चिकित्सकों की कमी को पूरी करने के लिए पशुपालन पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स हेतु नीति तैयार करने के प्रस्ताव को मंजूरी।

शीरा नीति- उत्तरप्रदेश शीरा नीति 2024-25 के प्रस्ताव को मंजूरी,1 नवम्बर 2024 से 31 अक्टूबर 2025 के शीरा वर्ष हेतु शीरा रिजर्वेशन को मंजूरी, 19 प्रतिशत शीरा रिजर्वेशन स्वीकृति।

## आगरा में सेना का विमान क्रैश

### पायलट समेत दो लोगों ने कूदकर बचाई जान, आसमान में लगी थी आग



**आगरा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के आगरा में बड़े विमान हादसे की सूचना है। भारतीय वायु सेना के विमान में आसमान में आग लग गई। एयरफोर्स का विमान क्रैश होने की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। विमान में सवार पायलट समेत 2 लोगों ने कूदकर जान बचाई है। जमीन पर गिरते ही विमान में आग लग गई। कागारौल के गांव सोंगा गांव के पास खाली खेतों में विमान के गिरने की जानकारी सामने आई है।

### संक्षिप्त समाचार

## यूपी, पंजाब, केरल में उपचुनाव की तारीख बदली

- 14 सीटों पर अब 13 की जगह 20 नवंबर को वोटिंग, त्योहारों की वजह से शेड्यूल बदला

**उपचुनाव का नया शेड्यूल**

| चुनाव | सीटें | वोटिंग |
|---|---|---|
| वायनाड लोकसभा | 1 | 13 नवंबर |
| 10 राज्यों की विधानसभा सीटें | 33 | |
| नांदेड़ लोकसभा | 1 | 20 नवंबर |
| 4 राज्यों की विधानसभा सीटें | 15 | |

रिजल्ट 23 नवंबर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश, पंजाब और केरल में होने वाले विधानसभा उपचुनाव की तारीख बदल गई है। चुनाव आयोग ने सोमवार को बताया कि तीनों राज्यों की 14 विधानसभा सीटों पर अब 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को वोटिंग होगी। रिजल्ट 23 नवंबर को ही आएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक उत्तर प्रदेश की 9, पंजाब की 4 और केरल की 1 विधानसभा सीटों पर अब 20 नवंबर को वोटिंग होगी। तारीखों में बदलाव भाजपा, कांग्रेस, आरएलडी और बसपा की मांग पर की गई है। इन पार्टियों का कहना था कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा और गुरुनानक देवजी का प्रकाश पर्व है। वहीं, केरल में 13 से 15 नवंबर तक कलपाथि रास्थोलसेवम मनाया जाएगा। इससे वोटिंग पर असर पड़ता। 20 नवंबर को ही महाराष्ट्र विधानसभा की 288 और झारखंड की 38 सीटों पर चुनाव होंगे। इसके अलावा महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर इसी दिन उपचुनाव है।


- कनाडा में हिंदू मंदिर पर खालिस्तानियों का हमला

## लाठी-डंडों से श्रद्धालुओं को पीटा

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में आए लोगों पर खालिस्तानी समर्थकों ने हमला कर दिया। हमलावरों के हाथों में खालिस्तानी झंडे थे। उन्होंने मंदिर में मौजूद लोगों पर लाठी-डंडे बरसाए। घटना का वीडियो



सोशल मीडिया पर वायरल है। इस घटना की कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा-ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में आज हुई हिंसा को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हर कनाडाई को अपने धर्म का स्वतंत्र और सुरक्षित तरीके से पालन करने का अधिकार है। वहीं हमले को लेकर भारत सरकार ने कनाडा सरकार को सख्त ऐक्शन लेने को कहा। घटना के बाद से इलाके में तनाव है। भारी संख्या में पुलिस की तैनाती की गई है। कनाडा में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ और मारपीट की घटना पर भारत ने भी चिंता जताई है। ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने इसे लेकर बयान भी जारी किया है। भारतीय उच्चायोग ने कहा कि टोरंटो के पास ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में भारत विरोधी तत्वों ने हिंसा की। हम भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए बेहद चिंतित हैं।



### आज से 4 दिनी छठ पूजा शुरु

**नईदिल्ली/लखनऊ/पटना (एजेंसी)।** सनातन धर्म में छठ पूजा के पर्व को बहुत ही पवित्र त्योहार माना गया है। इस उत्सव को 4 दिनों तक मनाया जाता है। इस दौरान सूर्य देव और छठी मैया की पूजा-अर्चना करने का विधान है। मान्यता है कि सूर्य देव पूजा करने से जातक को कार्यों में सफलता प्राप्त होती है और सूर्य देव प्रसन्न होते हैं। पंचांग के अनुसार, छठ पूजा की शुरुआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी यानी 5 नवंबर से हो रही है। वहीं, इसका समापन अष्टमी तिथि यानी 8 नवंबर को होगा। इस दौरान छठी मैया और सूर्य देव की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की जाएगी।

### उत्तराखंड के अल्मोड़ा में भीषण बस हादसा

# 36 की मौत, 6 घायल

- कंडम बस में 42 लोग सवार थे, मोड़ पर अनियंत्रित होकर 150 फीट गहरी खाई में गिरी
- मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख व घायलों को 1-1 लाख रुपए की सहायता राशि का ऐलान

### पीएम मोदी ने गहरा दुख व्यक्त किया

**अल्मोड़ा (एजेंसी)।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में सोमवार सुबह 8 बजे एक यात्री बस 150 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 36 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 घायल हैं। हादसा अल्मोड़ा में कूपी के पास हुआ। बस में 42 यात्री सवार थे। पुलिस के मुताबिक मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। हादसे की वजह का पता नहीं चला है। बस मोड़ पर अनियंत्रित होकर गिर गई।कुमाऊं मंडल के आयुक्त दीपक रावत ने बताया, बस नदी से करीब 10 फीट पहले पेड़ में फंसकर रुक गई। खाई में गिरने के दौरान झटके से कई यात्री खिड़कियों से बाहर जा गिरे। बस किनाथ से रामनगर जा रही थी।

**बस में ज्यादातर स्थानीय लोग सवार थे-** दिवाली की छुट्टी के बाद सोमवार को पहला वर्किंग डे था। इसलिए बस पूरी भरी हुई थी।



ज्यादातर स्थानीय लोग सवार थे। पुलिस ने बताया कि बस गढ़वाल मोटर्स ओनर्स यूनियन लिमिटेड की थी।

### झारखंड विधानसभा चुनाव

- आजादी के बाद गढ़वा में पहली बार किसी प्रधानमंत्री की चुनावी सभा, मोदी ने कहा

## जेएमएम, राजद और कांग्रेस परिवारवादी है



**गढ़वा/चाईबासा (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को झारखंड विधानसभा के पहले फेज में होने वाली 43 सीटों पर चुनाव के लिए गढ़वा और चाईबासा में दो रैलियां करने पहुंचे हैं। उन्होंने पहली रैली गढ़वा में की। जो आजादी के बाद गढ़वा में पहली बार किसी प्रधानमंत्री की चुनावी सभा थी। पीएम मोदी की दूसरी सभा चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में हुई।

**'कुछ लोग जो यहां बैठे हैं वो कहते थे हमारी छाती पर झारखंड बनेगा'** - प्रधानमंत्री ने कहा- 'कुछ लोग जो यहां बैठे हैं वो कहते थे हमारी छाती पर झारखंड बनेगा।' उनकी छाती पर झारखंड बन गया, लेकिन झारखंड के कुछ नेता उनकी गोदी में जाकर बैठ गए। पीएम का इशारा लालू प्रसाद यादव और हेमंत सोरेन पर था।

**यहां तो एक मंत्री के घर से नोटों का पहाड़ निकला-** मोदी ने हेमंत सोरेन का नाम लिए बिना उनके और उनके मंत्रियों के भ्रष्टाचार का जिक्र किया। उन्होंने कहा- मंत्री, विधायक हर कोई भ्रष्टाचार में शामिल है। एक मंत्री के घर से नोटों का पहाड़ निकला। मैंने भी पहली बार नोटों का पहाड़ टीवी पर देखा।

### हमारा संकल्प पत्र रोटी,बेटी, माटी के लिए है

मोदी बोले- झारखंड बीजेपी का संकल्प पत्र रोटी, बेटी और माटी के सम्मान और सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है। माताओं, बहनों और बेटियों के कल्याण के लिए इसमें अनेक संकल्प लिए गए हैं। गोगो दीदी योजना- इसमें हर महीने माताओं बहनों को 2100 रुपए मिलेंगे। जब बेटियों के साथ छल कपट होने लगे तो पता चलता है कि पानी सिर से गुजर चुका है। जब घुसपैठ का मामला कोर्ट में जाए और प्रशासन इससे इनकार करे तो पता चलता है कि सरकारी तंत्र में भी घुसपैठ हो चुकी है।

## बंगाल में नहीं थम रही दरिंदगी की घटनाएं, 48 घंटों में पांच लड़कियों से दुष्कर्म

**कोलकाता (एजेंसी)।** बंगाल के मोगरा इलाके में 16 साल की किशोरी से उसके पड़ोसी ने शनिवार रात कथित तौर पर दुष्कर्म किया। किशोरी उस वक्त घर में अकेली थी। इसे लेकर बीते 48 घंटों में राज्य में नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म की यह पांचवीं घटना है। इससे पहले अलीपुरद्वार जिले में शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई थी। बंगाल में दुष्कर्म की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अलीपुरद्वार, मुर्शिदाबाद व उत्तर 24 परगना के बाद अब हुगली जिले में एक किशोरी के साथ उसके पड़ोसी द्वारा दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।



### नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म की पांचवीं घटना

बताया जा रहा है कि मोगरा इलाके में 16 साल की किशोरी से उसके पड़ोसी ने शनिवार रात कथित तौर पर दुष्कर्म किया। किशोरी उस वक्त घर में अकेली थी। इसे लेकर बीते 48 घंटों में राज्य में नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म की यह पांचवीं घटना है। पुलिस ने कहा कि मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पाक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करके आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# कंपा देगी जुर्म की ये दास्तां

### प्रेमिका के घर सोने से रोका तो कर दिए 6 कत्ल, गर्भवती भाभी को भी नहीं बख्शा...

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 24 जनवरी 2021 की वो भयानक रात, जब एक शख्स ने अपने ही परिवार के 6 लोगों का बेरहमी से कत्ल कर दिया। वो एक-एक कर



कमरों के दरवाजे खोलता गया और जो सामने आया, उसे गोली मारता गया। पहले पिता, फिर मां, इसके बाद बहन और भाई। इतने से भी जब उसका मन नहीं भरा, तो उसने अपनी उस भाभी को भी गोली मार दी, जिसके गर्भ में एक नन्ही जान पल रही थी। अब इसी कातिल को 6 हत्याओं का दोषी माना गया है और उसे हर कत्ल के लिए 40 से 65 साल जेल की सजा हो सकती है। आखिर क्या था ये पूरा मामला? एक शख्स ने क्यों अपने ही परिवार को मिटा डाला? उस रात घर के भीतर ऐसा क्या हुआ था? आइए आपको जुर्म की ये पूरी कहानी बताते हैं। मामला इंडियाना के इंडियाना पोलिस शहर का है, जब 24 जनवरी को 17 साल का रेमंड रोनाल्ड ली चाइल्ड्स नाम का ये किशोर रात में देर से अपने घर लौटा। पिता ने उससे देरी से लौटने की वजह पूछी, तो उसने बताया कि वो अपनी गर्लफ्रेंड के पास था और वापस उसी के घर जा रहा है। उसने कहा कि रात में वो अपनी गर्लफ्रेंड के घर पर ही रुकेगा। इसपर पिता ने उसे रोका और गर्लफ्रेंड के घर जाने के लिए साफ-साफ मना कर दिया। इतना कहकर उसके पिता अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। पिता को लगा कि बात यहीं खत्म हो गई, लेकिन ऐसा नहीं था।

### अजन्मे बच्चे की भी ले ली जान

इसके बाद रेमंड अपनी मां के कमरे में गया। उसके सिर पर जैसे खून सवार था और मां के ऊपर भी उसने गोली चला दी। इसके बाद वो कमरों के दरवाजे खोलता गया और कत्ल करता गया। बहन और भाई को मारने के बाद वो अपनी भाभी के कमरे में पहुंचा और उसके साथ-साथ गर्भ में पल रहे अजन्मे बच्चे की भी हत्या कर दी।

### छोटे भाई ने पुलिस को बताई हकीकत

इतने में शोर सुनकर उसका छोटा भाई वहां पहुंचा। रेमंड ने उसे भी नहीं बख्शा और गोली चला दी। इसके बाद वो घर से निकला और भागकर अपने एक रिश्तेदार के यहां छिप गया। रेमंड को लगा था कि उसके परिवार में अब कोई नहीं बचा, लेकिन ऐसा नहीं था। उसके छोटे भाई को गोली लगी जरूर थी, लेकिन वो केवल घायल हुआ था। कुछ होश आते ही उसने तुरंत पुलिस को फोन किया और अपने घर में खेले गए खूनी खेल के बारे में बताया।

## वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

### दिल्ली सरकार से पूछा-

### पटाखों पर प्रतिबंध क्यों लागू नहीं किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में बढ़ रहे वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अखबारों की खबरों को देखकर लगता है कि दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध लागू नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा है कि पटाखों को प्रतिबंधित क्यों नहीं किया गया? सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किया है। इसके अलावा पंजाब, हरियाणा में पराली जलने पर भी नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने दोनों राज्य सरकारों से जवाब मांगा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्रालय में हुआ राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** नवम्बर माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने मधुर धुनें प्रस्तुत की। वंदे-मातरम गायन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, मुख्य सचिव, श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव, श्री के.सी. गुप्ता, श्री संजय दुबे, प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई सहित सतपुड़ा-विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के राज्योत्सव के लिए दी बधाई और शुभकामनाएं

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय तथा प्रदेशवासियों को राज्योत्सव की बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को दिए संदेश में कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़, विकास के नए सोपानों की ओर बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ द्वारा अपने स्थापना दिवस पर राज्य उत्सव का आयोजन हर्ष और प्रसन्नता का विषय है। मध्यप्रदेश से अलग होकर ही छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ का बहुत पुराना संबंध है, दोनों राज्य, विकास और जन कल्याण की दिशा में समन्वित रूप से प्रगति पथ पर अग्रसर होने के लिए संकल्पबद्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ से बड़े समूह में आने वाले हाथियों की सूचना के आदान-प्रदान और उनके प्रबंधन के संबंध में कार्य योजना बनाने पर भी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा।

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में पर्यवेक्षण समिति गठित

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राज्य शासन ने सिंहस्थ वर्ष-2028 के अंतर्गत मंत्रि-परिषद समिति के निर्देशों का पालन, मंत्रि-परिषद समिति के समक्ष रखे जाने समस्त नीतिगत प्रकरणों का परीक्षण कार्य तथा विभिन्न विभागों की सिंहस्थ मद कार्य योजना की समीक्षा करने के लिए पर्यवेक्षण समिति का गठन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में किया है। समिति में अपर मुख्य सचिव, गृह, उर्जा, लोक निर्माण, जल संसाधन, परिवहन, प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, राजस्व, वित्त, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, संस्कृति एवं पर्यटन, सदस्य होंगे। प्रमुख सचिव, नगरीय विकास एवं आवास समिति के सदस्य सचिव होंगे।

### प्रदेश में 22 सीएम राइज स्कूल भवन पूर्णता की ओर

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की अनुशंसा के अनुरूप कॉम्पलेक्स विद्यालय तैयार करने की दृष्टि से सीएम राइज स्कूल योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना में शासकीय स्कूलों में सर्व-सुविधा सम्पन्न वातावरण के साथ विद्यार्थियों को रोचक एवं आनंददायक शिक्षा प्रदान की जा रही है। प्रदेश में यह योजना 2 चरणों में क्रियान्वित की जा रही है। पहले चरण में वर्ष 2021 से 2024 में 274 सीएम राइज स्कूल का संचालन शुरू किया गया था। प्रदेश में पहले चरण में स्वीकृत 274 सीएम राइज स्कूलों में से 22 स्कूल भवनों का निर्माण पूर्णता की ओर है। वर्तमान में सीएम राइज स्कूलों में 4 लाख 75 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

### प्रदेश के नगरीय निकायों में पेंशनरों की महंगाई राहत दर में वृद्धि

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप और नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री श्री कैलाश विजवर्गीय के निर्देश पर प्रदेश के नगरीय निकायों के पेंशनरों की मंहगाई राहत दर में बढ़ोत्तरी की गई है। इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त श्री भरत यादव ने आदेश जारी किए है। प्रदेश में अब नगरीय निकायों के पेंशनरों को मंहगाई राहत की दर में राज्य शासन के पेंशनरों के समान लाभ मिलेगा। छठवें वेतनमान में पेंशन पर 239 प्रतिशत तथा सातवें वेतनमान में पेंशन पर 50 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत स्वीकृत की गई है। यह आदेश मूल पेंशन व परिवार पेंशन दोनों पर लागू होगा। पेंशनरों को महंगाई राहत दर में वृद्धि एक अक्टूबर 2024 से स्वीकृत की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी स्थानीय निकायों के कार्यालयों से प्राप्त की जा सकती है।

# भारत में विद्युत वितरण क्षेत्र में सबसे ज्यादा काम करने की जरूरत-तृप्ता ठाकुर


**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** भारत सरकार विद्युत मंत्रालय के ख्यातिलब्ध प्रशिक्षण संस्थान नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रेनिंग सेन्टर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत ''परिचालन सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन'' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट की महानिदेशक श्रीमती तृप्ता ठाकुर एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने किया।




प्रशिक्षण सत्र के दौरान नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट की महानिदेशक श्रीमती तृप्ता ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2047 तक विद्युत मांग अत्यधिक बढ़ने वाली है और किसी भी विकसित देश के लिए प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत को एक महत्वपूर्ण इकाई माना जाता है। श्रीमती ठाकुर ने कहा कि भारत में विद्युत वितरण क्षेत्र में सबसे ज्यादा काम करने की जरूरत है। इनमें विद्युत हानियों को कम करना, शत-प्रतिशत राजस्व संग्रह करना, विद्युत वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करना और नई टैक्नोलॉजी को आत्मसात करने की चुनौती की पूर्ति के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम सार्थक और अर्थपूर्ण साबित हो सकते हैं। प्रशिक्षण सत्र में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री सिंघल ने कहा कि प्रशिक्षण में सैद्धांतिक ट्रेनिंग के अलावा व्यवहारिक प्रशिक्षण की आवश्यकता है। इसके लिए पूरे कंपनी कार्यक्षेत्र में विभिन्न व्यवहारिक प्रशिक्षण कैम्प लगाये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि लाइनकर्मियों को लाइनों पर कार्य करते समय विद्युत सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए और निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करते हुए सुरक्षा जोन बनाकर कार्य करना चाहिए। श्री सिंघल ने पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए कंपनी द्वारा प्रदाय किये गये आधुनिक रूप से डिजाइन सुरक्षा उपकरण इस्तेमाल करने की आवश्यकता पर बल दिया। निदेशक (वाणिज्य) श्री सुधीर कुमार श्रीवास्वत, निदेशक (पीडीटीसी) श्री अनिल कुमार खत्री एवं पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इडिया (भारत सरकार का उपक्रम) के उपमहाप्रबंधक श्री संजेश कुमार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल एवं नेशनल पॉवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट की महानिदेशक श्रीमती तृप्ता ठाकुर ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण किट वितरित की। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के प्रारंभ और अंत में एक परीक्षा आयोजित की जाएगी ताकि यह देखा जा सके कि प्रशिक्षणार्थियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को किस हद तक ग्राह्य किया है।

## प्रबंध संचालक श्री तिवारी ने दीपावली पर्व पर लोड डिस्पैच और स्काडा कंट्रोल सेंटर से की मॉनिटरिंग

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** दीपावली त्योहार पर प्रदेशवासी बिना किसी व्यवधान के रोशनी का पर्व मना सके, इसके लिए, जब मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की 43 हजार सर्किट किलोमीटर से ज्यादा लंबी ट्रांसमिशन लाइनों और 416 सब स्टेशनों में जीरो विद्युत व्यवधान लक्ष्य के लिए मेंटेनेंस एवं ऑपरेटिंग स्टाफ निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए अपने - अपने कर्तव्यों पर तैनात थे, तब मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्यालय जबलपुर स्थित स्टेट लोड डिस्पेच सेंटर, स्काडा कंट्रोल सेंटर नयागांव जबलपुर से पूरे प्रदेश के ट्रांसमिशन सिस्टम की क्लोज़ मॉनिटरिंग एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी करते रहे। ट्रांसमिशन लाइनों और सब स्टेशनों में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों और अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने और उनकी कर्तव्यनिष्ठा को मान्यता देने स्वयं वे उपस्थित रहे। उन्होंने हर महत्वपूर्ण मौकों की तरह इस बार भी रोशनी के पर्व पर पीक लोड आवर्स में लोड का उतार चढ़ाव, वोल्टेज, डिमांड आदि की क्लोज मानिटरिंग की।



## एनएबीएल और क्यूसीआई के मंच से नई दिल्ली में मिला पश्चिम क्षेत्र को महत्वपूर्ण प्रमाण-पत्र

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** नेशनल एक्रिडिएशन बोर्ड फार टेस्टिंग कालिब्रेशन लेबोरेटरीज और क्वालिटी कंट्रोल ऑफ इंडिया के मंच सोमवार को इंदौर पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की टीम को महत्वपूर्ण प्रमाण पत्र मिला। यह प्रमाण पत्र नेशनल एक्रिडिएशन बोर्ड फार टेस्टिंग कालिब्रेशन लेबोरेटरीज गुरुग्राम के सीईओ श्री एन वेंकटेश्वरन ने पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी व शाखा सीईओ श्री आरके नेगी को नई दिल्ली में प्रदान किया। के प्रमाणित लेब के देशभर के संचालकों, पदाधिकारियों के राष्ट्रीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में पश्चिम क्षेत्र कंपनी को आमंत्रित किया गया था। इसी दौरान पश्चिम क्षेत्र कंपनी को यह सम्मान मिला। पश्चिम क्षेत्र कंपनी की ओर से श्री आरके नेगी ने अनुभव सांझा किए एवं टीम के साथ प्रमाण पत्र प्राप्त किया। इंदौर की टीम को इस उपलब्धित पर प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह एवं मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान आदि ने बधाई दी है। उल्लेखनीय हैं कि पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की टेस्टिंग लेब इंदौर, टेस्टिंग लेब उज्जैन एवं निम्न दाब मीटर टेस्ट लेब इंदौर नेशनल एक्रिडिएशन बोर्ड फार टेस्टिंग कालिब्रेशन लेबोरेटरीज से प्रमाणीकृत हैं। वर्तमान में केंद्र शासन एवं राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में लगने वाली विद्युत सामग्री का गुणवत्ता परीक्षण इसी श्रेणी के लेब से किया जाना अनिवार्य किया गया है।




## बच्चे पढ़ाई के साथ खेलों में भी करें श्रेष्ठ प्रदर्शन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में स्कूलों में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। बच्चों के समग्र विकास के लिये स्कूलों को सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह रविवार को नरसिंहपुर जिले के गाडरवारा में राज्य स्तरीय 68वीं शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि गाडरवारा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिले के लिये गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि 16 नवम्बर से यहाँ राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता में 28 राज्यों के लगभग एक हजार से ज्यादा खिलाड़ी शामिल होंगे। उन्होंने नागरिकों से कबड्डी प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिये सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व राज्य सभा सदस्य श्री कैलाश सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, नगरपालिका अध्यक्ष गाडरवारा श्री शिवाकांत मिश्रा एवं स्थानीय नागरिक मौजूद थे।




## एक ही स्थान पर मिलेगी खाद, बीज, मिट्टी और कृषि उपकरणों की जानकारी

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पीएम किसान समृद्धि केन्द्र वन स्टॉप सेंटर के रूप में कार्य करेंगे। इनमें खाद, बीज, कृषि उपकरण और मिट्टी परीक्षण के अतिरिक्त खेती-किसानी से संबंधित अन्य जानकारियाँ भी उपलब्ध कराई जायेंगी। उल्लेखनीय है कि 3 सितम्बर को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सहकारिता विभाग और नर्मदा नियंत्रण मण्डल के कार्यों की समीक्षा बैठक में प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केन्द्र स्थापित किये जाने के निर्देश दिये थे। पीएम किसान समृद्धि केन्द्रों का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर किसानों को मिट्टी, बीज, उर्वरक इत्यादि की जानकारी उपलब्ध कराई जाये। इसके साथ ही इन केन्द्रों को कस्टम हॉयरिंग सेंटर्स से जोड़कर किसानों को कृषि संबंधी छोटे और बड़े उपकरण भी उपलब्ध कराये जायें। किसानों को कृषि की बेहतर पद्धतियों और विभिन्न शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारियाँ प्रदान की जायें। ग्राम पंचायतों में पीएम किसान समृद्धि केन्द्र स्थापित हो जाने से किसानों को अन्य स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। उन्हें केन्द्र में ही खेती-किसानी के लिये आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध होंगे। संसाधन उपलब्ध न होने पर किसान समृद्धि केन्द्र समन्वयक की भूमिका निभाकर उन्हें संसाधन उपलब्ध करायेगा। इससे किसानों का खाद, बीज, उर्वरक और कृषि उपकरणों की खरीदी के लिये आने-जाने का समय भी बचेगा और अन्य व्यय भी नहीं होंगे। उन्हें किसान समृद्धि केन्द्र पर ही गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध होगी, जिससे वे बेहतर उपज भी प्राप्त कर सकेंगे। पीएम किसान समृद्धि केन्द्र पर हेल्प-डेस्क भी रहेगी। यहाँ से मृदा विश्लेषण और मृदा परीक्षण के आधार पर पोषक तत्वों के उपयोग की जानकारी मिलेगी।

## साप्ताहिक समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक




**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों की सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों और समय-सीमा में प्राप्त पत्रों की समीक्षा कर उनका समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभागों में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समयबद्ध और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में पटाखों की दुकानों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने निर्देश दिए कि ?जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे एवं समुचित व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाए। भू-अर्जन से संबंधित प्रकरणों को लंबित न रखा जाए एवं मेट्रो विस्थापन कार्य में किसी भी प्रकार का विलंब न हो। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सोयाबीन एवं धान खरीदी केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अनुपस्थित पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं निश्क्तजन कल्याण विभाग के अधिकारी को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नवंबर माह के आखिरी सप्ताह में समाधान ऑनलाइन की समीक्षा की जाएगी। सभी विभाग अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करना सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से संबंधित शिकायत डीजीआरओ को शिकायत दर्ज करायें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** राष्ट्रीय खादय सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत बाह्य शिकायत निवारण तंत्र जिला शिकायत निवारण अधिकारी छ्तत्रह्ल को शिकायत दर्ज कराने के प्रावधान है। प्रावधान अनुसार आम नागरिक सीएम हेल्पलाइन 181 पर कॉल करके अथवा ऑनलाईन भी डीजीआरओ को शिकायत दर्ज करा सकते है। आम नागरिकों द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 पर डीजीआरओ से संबंधित 4 श्रेणी की शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है।

जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि डीजीआरओ को प्रस्तुत पात्रता पर्ची न मिलने से राशन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी, डीजीआरओ को प्रस्तुत उचित मूल्य की दुकान से राशन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी,डीजीआरओ को प्रस्तुत शालाओं में मध्यान भोजन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी, डीजीआरओ को प्रस्तुत आंगनबाड़ी में खाद्यान न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी को शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## कॉलोनाइजर्स एक ही रजिस्ट्रेशन पर कही पर भी निर्माण कार्य कर सकेंगे

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** कॉलोनाइजर्स एक ही रजिस्ट्रेशन पर कही पर भी निर्माण कार्य कर सकेंगे। कॉलोनाइजर्स को अब अलग-अलग नगरीय निकायों में रजिस्ट्रेशन कराने से निजात मिलेगी। सारी प्रक्रिया ऑनलाइन होने के साथ 30 दिन की समय-सीमा में प्रमाण-पत्र जारी किए जाएँगे। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन से प्रक्रिया सरल होगी और प्रदेश के विकास में तेजी आएगी। मध्यप्रदेश नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के जरिए अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण के भी प्रावधान किए हैं। आवेदन की सुविधा ई-नगर पालिका पोर्टल, एमपी अर्बन वेबसाइट, ई-सर्विस पोर्टल पर उपलब्ध है । रजिस्ट्रीकरण शुल्क का ऑनलाइन भुगतान, आवेदन की स्थिति ट्रेक करने, ऑनलाइन दस्तावेज अपलोड करने, ऑनलाइन अनुमोदन प्रक्रिया, डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र, के जरिए आवेदक को सूचना, के जरिए सर्टिफिकेट प्रदान की जाने की सुविधा और संचालनालय के लिए मॉनीटरिंग के उद्देश्य से विभिन्न रिपोर्ट्स की सुविधा रहेगी। कॉलोनाइजर के नए एकीकृत रजिस्ट्रीकरण अब संचालनालय स्तर पर ऑनलाइन किये जाएँगे, जो सभी नगर निकायों के लिए मान्य होंगे।

# जन्मे दो शरीर दिल एक वाले जुड़वा बच्चे

## मां बोली- शादी के 6 साल बाद हुए, डॉक्टर ने कहा- एक लाख में ऐसा एक केस होता है





**मीडिया ऑडीटर, शहडोल (निप्र)।** शहडोल मेडिकल कॉलेज में रविवार शाम को दो जिस्मों के साथ एक दिल वाले नवजात बच्चे पैदा हुए हैं। दोनों नवजातों के जिस्म आपस में जुड़े हुए हैं। बच्चों की मां स्वस्थ है। वहीं सीने में एक दिल लेकर आपस में जुड़े नवजातों को देखकर परिजन की चिंता बढ़ गई। नवजात बच्चों को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। मेडिकल कालेज प्रबंधन इन्हें रीवा या जबलपुर भेजने की तैयारी कर रहा है।

अनूपपुर जिले के कोतमा की रहने वाली वर्षा जोगी (25) पति रवि जोगी को परिजन रविवार को प्रसव के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर आए थे। यहां शाम करीब 7 बजे प्रसूता का सीजेरियन किया गया। इस दौरान जुड़वा बच्चे पैदा हुए। परिजन ने बताया कि रूटीन चेकअप के दौरान डॉक्टर यह बता रहे थे कि बच्चे जुड़वा हैं, लेकिन दोनों जुड़े हैं ये नहीं बताया था। वहीं, डॉक्टर कह रहे हैं कि दुनिया में 1 लाख में से ऐसा एक बच्चा पैदा होता है।

**परिजन ने कहा- बच्चों का पालन-पोषण कैसे करेंगे:** नवजातों को जन्म देने वाली मां समेत परिवार के लोग ऐसी हालत में जुड़वा बच्चों को देखकर चिंता में पड़ गए हैं। उन्हें समझ में ही नहीं आ रहा है की शरीर से एक-दूसरे से जुड़े बच्चों का पालन-पोषण कैसे करेंगे। इनका भविष्य और स्वास्थ्य का क्या होगा।

**2018 में की थी लव-मैरिज:** नवजात के पिता रवि और मां वर्षा ने 2018 में लव मैरिज की थी। शादी से घर वाले खुश नहीं थे। इस कारण दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली। दोनों रायपुर चले गए। वहां मजदूरी करके जीवन यापन कर रहे थे। रवि ने बताया कि शादी के कुछ साल बाद परिवार के साथ रिश्ते सामान्य हो गए थे।

**खून की कमी के कारण थी समस्या:** रवि ने बताया कि मेरी पत्नी को खून की कमी थी। इस कारण गर्भधारण करने में समस्या हो रही थी। रायपुर में इलाज भी करवा रहे थे। अनूपपुर में कुछ डॉक्टर्स को दिखाया। वहां बताया गया था कि बच्चे जुड़वां हैं, लेकिन इस स्थिति में हैं, यह नहीं बताया था।

**आर्थिक स्थिति के कारण रेफर में दिक्कत:** प्रभावित परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। इस कारण वो नवजात को बेहतर इलाज के लिए बाहर नहीं ले जा सकते। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स ने परिजन से रेफर को लेकर बात की थी, लेकिन परिजन ने मना कर दिया।

**शारीरिक बनावट ऐसी की ऑपरेशन भी मुश्किल:** मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉक्टर नागेंद्र सिंह ने कहा कि दोनों बच्चे सीने से जुड़े हुए हैं। इनका शरीर सामान्य तरीके से विकसित नहीं हो सका है। बनावट के कारण ऑपरेशन भी कठिन है। नवजातों का शरीर सीने के पास से आपस में जुड़ा है, लेकिन दिल एक होने के कारण स्थिति सामान्य नहीं है। फिलहाल नवजातों को एसएनसीयू वार्ड में रखा गया है।

बच्चे छाती से जुड़े हैं। इस कंडीशन को थोराइगोपेसिस कहा जाता है। एक लाख में से इस तरह का एक बच्चा पैदा होता है। ऐसे बच्चों की स्थिति खराब होती है। बच्चों को प्राइमरी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। बच्चों के माता-पिता कहीं ले जाने को तैयार नहीं हैं। बच्चों की जांच की जा रही है, कहीं और कोई विकृति तो नहीं है। बच्चे एसएनसीयू में भर्ती हैं।

**डॉक्टर बोले-ऐसे नवजातों को सीमंस ट्विन्स कहते हैं:** मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉक्टर नागेन्द्र सिंह ने बताया कि ऐसे मामले यदाकदा ही सामने आते हैं। ऐसे नवजातों को सीमंस ट्विंस भी कहा जाता है। जिसमें दो अलग अलग भ्रूण शुरुआती अवस्था में गर्भ के अंदर एक-दूसरे से चिपक जाते हैं, जिससे ऐसी स्थिति बन जाती है। ऐसे बच्चे का जीवन आगे स्थिर रह पाना बड़ा ही कठिन होता है।

# पंचायत भवन में तोड़फोड़ कर सचिव पर किया हमला

## गोशाला बनाने की अनुमति नहीं मिलने से नाराज था, घटना के बाद आरोपी फरार






**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** जैतपुर के कोलमी छोट ग्राम पंचायत भवन में घुसकर एक युवक ने तोड़फोड़ करते हुए सचिव पर हमला कर दिया। आरोपी युवक गोशाला बनाना चाह रहा था, लेकिन उसे योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा था, जिससे वह खफा था। जैतपुर थाना क्षेत्र के दरशिला चौकी अंतर्गत आने वाली कोलमी छोट ग्राम पंचायत के सचिव रामचरण जायसवाल ने बताया कि गांव के कमलेश तिवारी ने कुछ दिनों पहले गोशाला बनाने के लिए आवेदन दिया था। उसकी कार्रवाई चल रही है। परमिशन सहित अन्य कागजात तैयार कराए जा रहे हैं, लेकिन इसी बीच आवेदक ने पंचायत भवन में आकर हंगामा शुरू कर दिया।

**सचिव से पूछा कितना समय लगेगा:** कमलेश तिवारी लाठी लेकर पंचायत भवन पहुंचा और सचिव से पूछने लगा कि मेरे काम में कितना समय लगेगा। सचिव ने उसे प्रक्रिया बताई और कहा कि जल्द ही यह काम पूरा हो जाएगा। इसी बात को लेकर कमलेश नाराज हो गया और सचिव रामचरण से कहने लगा कि तुम मेरे काम में लापरवाही कर रहे हो और इसके बाद तोड़फोड़ शुरू कर दी।

**सचिव ने खुद को पंचायत में किया कैद:** आरोपी कमलेश तिवारी ने सचिव के साथ गाली-गलौज कर धक्का-मुक्की की। इसके बाद सचिव ने पंचायत के अंदर घुसकर दरवाजा बंद कर अपनी जान बचाई। कमलेश ने बाहर से लाठी-डंडे और पत्थर से पंचायत में रखी सामग्री को तोड़ना शुरू कर दिया। सचिव ने घटना का वीडियो भी बनाया है। आरोपी बार बार डंडा से हमला करता रहा। इससे कुर्सियां, खिड़कियों के कांच टूट गए। सचिव ने पंचायत भवन के अंदर से पुलिस और अन्य ग्रामीणों को फोन किया, जिसके बाद लोग वहां पहुंचे और मामले को शांत कराया।

**केस दर्ज, आरोपी फरार:** चौकी प्रभारी राजकुमार ठाकुर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने जैसी धाराओं में केस दर्ज किया है। मौके पर 20 हजार से अधिक का नुकसान हुआ है। आरोपी अभी फरार है।

# ट्रैक्टर के नीचे आने से युवक की मौत

## नए ट्रैक्टर की पूजा कराने जटाशंकर जा रहे थे दो दर्जन लोग, झपकी आने से हुआ हादसा






**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** नए ट्रैक्टर की पूजा कराने जटाशंकर जा रहे युवक की रास्ते में मौत हो गई। ट्रैक्टर ट्रॉली में करीब दो दर्जन लोग सवार थे, जिनमें से एक युवक को नींद की झपकी आने से ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया, फिर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय रामकिशन पिता नाथु कुशवाहा निवासी लारौन जिला टीकमगढ़ के रूप में हुई है।

**नींद की झपकी लगने से टायर के नीचे आया युवक:** दरअसल, लारौन के रहने वाले दीपचंद कुशवाहा के घर दीपावली पर नया ट्रेक्टर आया था। जिसका पूजन पाठ और कन्या भोज कराने के लिए घर और गांव के करीब दो दर्जन से अधिक लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार होकर जटाशंकर धाम जा रहे थे। इसी दौरान ईशानगर थाना क्षेत्र गहरवार-बढ़यारा के पास ट्रैक्टर पर सवार रामकिशन को नींद की झपकी लग गई और वह ट्रैक्टर के बड़े टायर के नीचे आ गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

# कलेक्टर ने ली टीएल बैठक

## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 10 दिन चलेगा विशेष अभियान




**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर के कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में टीएल बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर पंचोली ने अधिकारियों ने कहा कि राज्य शासन ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार करते हुए 70 साल और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच दिया जाना है। इस बारे में आदेश भी कर दिए गए है। जिस पर जिले में 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हैं। इस के लिए जिले में 10 दिन तक विशेष अभियान चलाते हुए आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं।

उन्होंने कहा- लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा, स्वास्थ्य अधिकारी, स्वास्थ्य अमला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिले में जिस गांव में जिला स्तरीय जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# 3 एंबुलेंस का एक माह का खर्च रोका

## ठेले पर प्रसव और नवजात की मौत मामले में कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले में ठेले पर प्रसव के बाद नवजात की मौत के मामले में राजनीति गरमा गई है। सोशल मीडिया पर विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने लिखा है कि सीधी में एक गर्भवती को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस नहीं मिली। परिवार को सब्जी के ठेले पर अस्पताल ले जाना पड़ा। जहां रास्ते में ही महिला का प्रसव हो गया और बच्चे को बचाया नहीं जा सका। जब स्वास्थ्य मंत्री के गृह जिले में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हालत इतनी बदतर है तो पूरे प्रदेश की हालत को समझा जा सकता है।

पूरे मामले में सोमवार को भोपाल के 108 एकीकृत कॉल सेंटर ने एक आदेश जारी किया है। इसमें तीनों एंबुलेंस (सीजी 04 एनटी 1847, सीजी 04 एनटी 2428 और सीजी 04 एनवी 6577) के एक माह का परिचालन खर्च जिसकी राशि 4 लाख 56 हजार 917 रुपए है, की कटौती की गई है। प्रोजेक्ट हेड ने बताया कि रात 10:30 बजे 108 कॉल सेंटर पर कई बार कॉल किए गए, लेकिन एंबुलेंस नसीब नहीं हुई, जिसकी वजह से महिला को परेशानी हुई और उस बच्चे की जान चली गई।

# कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

## अभियान चलाकर प्राथमिकता से बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर काजोल सिंह, डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ नगरीय निकाय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, हरपालपुर सीएमओ और पीडी एनएचएआई को बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

**अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश:** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जनपद सीईओ और निकायों के सीएमओ को निर्देश दिए कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी हितग्राहियों का अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए। उन्होंने कहा कि सीएचएमओ कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाए और मॉनिटरिंग करें। साथ ही प्रत्येक वार्ड के लिए आरआई और एआरआई की आईडी बनाई जाए और आशाओं की आईडी का उपयोग करें।

**लंबित किसानों की ईकेवायसी कराने का निर्देश:** कलेक्टर ने डीएमओ मार्कफेड से जिले में खाद की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम किसान योजना के तहत लंबित किसानों की ईकेवायसी कराने के निर्देश देते हुए नौगांव, छतरपुर और लवकुशनगर जनपद सीईओ से कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए और कृषकों की फार्मर आईडी जनरेट कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय और निजी कूपों के मुंडेर बनाने के कार्य की समीक्षा करते हुए गति बढ़ाने के लिए कहा। कलेक्टर ने तहसीलवार बिजली की कटौती वाले ग्रामों कि समीक्षा की और एसई एमपीईबी को बिजली की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही समय सीमा के लंबित प्रकरणों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को टूर डायरी भेजने के निर्देश दिए।

**सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों की समीक्षा:** कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रसूति सहायता राशि के शतप्रतिशत हितग्राहियों के बैंक खातों में भुगतान के प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें और शिकायतों को संतुष्टि से बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक भी शिकायत ओटीपी के माध्यम से बंद नहीं कराएं। कलेक्टर ने 100 दिन से अधिक की राजस्व, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग आदि की शिकायतों को प्रमुखता से संतुष्टि पूर्वक बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा छतरपुर, लवकुशनगर और गौरिहार एसडीएम को शिकायतों के निराकरण का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही जल्दी निराकरण के लिए पटवारियों की ड्यूटी निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा अधिकारी शिकायतों की पूरी जानकारी रखे और 100 दिवस से अधिक दिनों तक लंबित न रखें।

कलेक्टर ने हरपालपुर सीएमओ और पीडी एनएचएआई को बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# नेगुरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सरपंच सचिव पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप



**मीडिया ऑडीटर, त्योंथर निप्र।** त्योंथर जनपद पंचायत के नेगुरा पंचायत इन दिनों सुर्खियों में क्योंकि ग्रामीणों का कहना है यहां एक सरपंच के साथ दो सचिव की पदस्थापना होते हुए भी ग्राम पंचायत में जो भी कार्य हुए है वो उसमें सिर्फ भ्रष्टाचार की परत चढ़ी है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने पूर्व में जनपद पंचायत कार्यालय में की पर सुनवाई न होने एक बार फिर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर गुहार लगाई ग्राम पंचायत के ग्रामीण जब कार्यालय पहुंचे तो बताया कि ग्राम पंचायत सरपंच उमा देवी प्रशासनिक अधिकार में सचिव प्रेमचंद्र है। तथा वित्तीय अधिकार में जितेंद्र सिंह है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा आवास योजना में कमीशन की मांग की जा रही है साथ ही पात्र लोगों को आवास से वंचित किया जा रहा है और अपात्र लोगों से कमीशन लेकर पात्र बनाया जा रहा है प्रधानमंत्री आवास में तालाब के भीटा में शासकीय जमीन में आवास देकर अतिक्रमण कराया जा रहा है ग्राम पंचायत नागुरा में सरपंच एवं सचिव के द्वारा व्यापक स्तर पर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है साथ ही घटिया स्तर निर्माण कराकर शासकीय राशि का बंदरवाट किया जा रहा है। ग्राम पंचायत में दो चबूतरा का निर्माण किया गया जो ध्वस्त होने की स्थिति में है साथ ही नेगुरा पंचायत में कूड़ा दान का निर्माण शासकीय तालाब के अंदर कराया गया जो पानी में डूबा हुआ है। घटिया स्तर पर पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया सहित तमांम बिंदुओं पर जांच के लिए ज्ञापन सौंपा है।अब देखना होगा कि पूरे मामले में कब तक जांच होती है साथ ही दोषी पाए जाने पर सरपंच सचिव के ऊपर क्या कार्यवाही होती है या तो वक्त ही बताएगा फिलहाल ग्रामीणों ने उक्त भ्रष्टाचार की जांच करने की मांग की है।

# पीड़ितों को मौके पर नहीं मिल पा रही 108 एंबुलेंस सेवा




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** प्रदेश सरकार द्वारा किसी भी घटना दुर्घटना अथवा मृत्यु के स्थिति में निःशुल्क वाहन पीड़ित एवं प्रभावित परिवारों को मिले जिसके लिए जननी वाहन एवं 108 एंबुलेंस वाहन तैनात किए गए हैं लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली अंतर्गत जरूरतमंद एवं प्रभावित लोगों को मौके पर उक्त वाहनों की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिसके पीछे वजह बताई जा रही है कि एंबुलेंस के चालक एक तरफ विभाग को वहीं दूसरी तरफ प्रभावित लोगों को भी गुमराह कर रहे हैं।

सूत्रों एवं प्रभावित लोगों के मुताबिक जब दुर्घटना से प्रभावित व्यक्ति को अस्पताल मझौली से जिला अस्पताल रेफर करने के लिए 108 एंबुलेंस वाहन के लिए कॉल किया जाता है तो वह कॉल हेड ऑफिस भोपाल जाता है जहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली के लिए अधिकृत वाहन चालक को सूचना दी जाती है एवं पीड़ित व्यक्ति के पास भी एंबुलेंस चालक का नंबर उपलब्ध कराया जाता है और कहा जाता है कि वाहन चालक से संपर्क करें लेकिन जब प्रभावित व्यक्ति वाहन चालक से संपर्क करते हैं तो भले ही वाहन मझौली में ही कहीं खड़ा हो लेकिन वाहन चालक सीधे कह देते हैं।

## भ्रष्टाचार करने को रोजगार सहायक को दी गई खुली छूट

# कार्रवाई करने अधिकारियों को छूट रहा पसीना, निर्माण कार्यों के नाम पर किया गया भ्रष्टाचार




**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** जिले की ग्राम पंचायतों में इन दिनो अधिकारियों की सह पर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा इसकी शिकायतें भी अधिकारियों के समक्ष की जाती है लेकिन किसी भी प्रकार की कार्रवाई इनके द्वारा नही की जाती है। कुछ इसी तरह का मामला सिहावल जनपद के ददरीकला में पदस्थ रोजगार सहायक का कारनामा सामने आया था। अधिकारियों की सांठ- गांठ से इनको तीन ग्राम पंचायतो का प्रभार मिला हुआ है जिसमें अपने ठेकेदार भाई के साथ मिलकर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इतना ही रोजगार सहायक द्वारा मृतकों के नाम भी मजदूरी की राशि आहरित की गई है।

शिकायत में बताया गया कि ग्राम पंचायत तरका में स्वीकृत नवीन तालाब एवं अन्य कार्यों में मृतक व्यक्तियों के नाम से भी मजदूरी का आहरण कराया जा रहा है। मृतक नंदलाल कोल पिता हिंछोली साकेत की मृत्यु 26 अगस्त 2018 को हो चुकी है। फिर भी उक्त मृतक के नाम से मनरेगा का भुगतान 23 दिसंबर 2020, 30 दिसंबर 2020 तथा 25 जनवरी 2021 को किया गया है। इनका मस्टर रोल क्रमांक 12561, मजदूर संख्या क्र 51 तथा मृतक का जाबकार्ड नंबर 523 है। इसी तरह मृतक छोटेलाल साकेत पिता बोटई साकेत की मृत्युदिनांक 21 मई 2019 को हुई थी। इनको भी मजदूरी का भुगतान दिनांक 23 फरवरी 2020, 28 जून 2020, 5 जुलाई 2020, 12 जुलाई 2020, 6 जनवरी 2021 को किया गया है। इनका मस्टर रोल क्रमांक 22079 है।

इसी प्रकार राजकुमारी पति बाबूलाल साकेत ग्राम पंचायत ददरी में मृतक भुअर यादव, केमली यादव, ग्राम पंचायत चंदवाही के मृतक शंकर पिता दशऊ साकेत, मंगल पिता समयलाल कोल, शिवकरण बंशल इत्यादि हैं। उक्त मृतकों के नाम से भी निर्माण कार्यों में मजदूरी दर्शाकर भुगतान ठिकाने लगाने का खेल चल रहा है। शिकायत में कहा गया है कि रोजगार सहायक द्वारा 10 नवीन निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने पर 8 या 9 कार्य ही कराया जाता है। एक या दो कार्य सिर्फ कागजो में ही पूर्ण दर्शाकर उसका भुगतान आहरित करा लिया जाता है। स्थिति यह है कि जो वास्तविक रूप से कार्य करते हैं उनको मजदूरी का भुगतान नहीं दिया जाता।

**नही दी जा रही मजदूरी:** श्रमिकों द्वारा बताया गया कि तीन स्टाप डेम, एक गौशाला, एक सामुदायिक भवन, एक कचरा घर और सडक के किनारे बनाई गई पक्की नाली में रात में उनके द्वारा चौकीदारी की गई थी। चौकीदारी के लिए उनकी हाजिरी 860 रात की थी। जिसमें 625 रात का भुगतान कर दिया गया। शेष 235 रात की हाजिरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

# विचार

## राजनीतिक दलों के एजेंडे में नहीं है दिल्ली-एनसीआर का प्रदूषण

देश में सत्ता चाहे किसी भी राजनीतिक दल की रही हो, प्रदूषण के मामले में देश की राजधानी लाचार और बीमार रही है। दिल्ली का हाल ए दिल किसी को दिखाई नहीं दिया। राजनीतिक दलों ने भीषण प्रदूषण के संकट से जूझ रही दिल्ली के करोड़ों लोगों को इस जानलेवा समस्या से निजात दिलाने के बजाए एक-दूसरे के ऊपर जिम्मेदारी का ठीकरा फोडने का काम किया है। दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में उठाए गए कदम अभी तक ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित हुए हैं। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट भी दिल्ली के प्रदूषण के सामने सरकारों की लुंजपुंज नीति के आगे पस्त नजर आता है। दर्जनों बार चेतावनी देने के बावजूद केंद्र और दिल्ली राज्य की सरकार एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाती दिखती हैं। कहने को देश विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। विश्व स्तर पर रॉकेट सांइस सहित कई क्षेत्रों में भारत ने झंडे गाढ़े हैं, किन्तु देश की राजधानी प्रदूषण के मामले में विश्व में बदनाम है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी सिलसिले में सुनवाई के दौरान दिल्ली-एनसीआर में पराली जलाने से बढ़ते प्रदूषण के मामले में सुनवाई के दौरान एक बार फिर पंजाब सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि पंजाब ने पराली जलाने से रोकने में नाकाम अधिकारियों पर सीधे कार्रवाई करने की बजाय उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यह पहली बार नहीं है जब पराली जलाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई हो, हर साल सर्दियों के मौसम में पराली जलाने से दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र में सांस तक लेना दुभर हो जाता है। थिंक टैंक सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में दिल्ली देश का 8वां प्रदूषित शहर था, वहीं बायर्निहाट के बाद बिहार का बेगुसराय देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर था। इसके बाद एनसीआर का ग्रेटर नोएडा शामिल था। दिल्ली और फरीदाबाद ही नहीं देश के कई अन्य छोटे बड़े शहरों में वायु गुणवत्ता जानलेवा बनी हुई है। देश में प्रदूषण की स्थिति किस कदर भयावह है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भारत में पीएम 2.5 हर साल दो लाख से ज्यादा अजन्मों को गर्भ में मार रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) द्वारा वायु प्रदूषण को लेकर जो गुणवत्ता मानक तय किए हैं उनके आधार पर देखें तो देश की सारी आबादी यानी 130 करोड़ भारतीय आज ऐसी हवा में सांस ले रहे है जो उन्हें हर पल बीमार बना रही है, जिसका सीधा असर उनकी आयु और जीवन गुणवत्ता पर पड़ रहा है। विडंबना देखिए कि जहां हम विकास की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं वहीं देश की 67.4 फीसदी आबादी ऐसे क्षेत्रों में रहती है जहां प्रदषूण का स्तर देश के अपने राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता मानक (40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर) से भी ज्यादा है। यदि हर भारतीय साफ हवा में सांस ले तो उससे जीवन के औसतन 5.3 साल बढ़ सकते हैं। इसका सबसे ज्यादा फायदा दिल्ली-एनसीआर में देखने को मिलेगा जहां रहने वाले हर इंसान की आयु में औसतन 11.9 वर्षों का इजाफा हो सकता है।

# भारत के लिए वैश्विक स्तर पर बदल रहे हैं राजनैतिक एवं रणनीतिक समीकरण

**प्रह्लाद सबनानी**

**वैश्विक स्तर पर आज परिस्थितियां, विशेष रूप से राजनैतिक, रणनीतिक एवं आर्थिक क्षेत्र में, तेजी से बदल रही हैं। नए नए समीकरण बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। जी-7, जी-20 एवं नाटो के सामने ब्रिस अपने पांव पसारता नजर आ रहा है। अमेरिका के साथ साथ यूरोपीयन देश अपनी चमक खो रहे हैं। इन देशों को विकसित देश तो कहा ही जाता रहा हैं, साथ ही, वैश्विक स्तर पर कई संगठनों को खड़ा करने में इन देशों की महत्वपूर्ण भूमिका भी रही है और इन संगठनों की मदद से इन देशों का दबदबा भी पूरे विश्व में कायम रहता आया है। यूनाइटेड नेशनस, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, नाटो, फाइव आइज, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन, अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठन, जी-7 एवं जी-20 जैसे अन्य कई संगठनों के माध्यम पूरे विश्व में ही लगभग प्रत्येक क्षेत्र को यह विकसित देश प्रभावित एवं नियंत्रित करते रहे हैं।**



परंतु, आज दक्षिणी अफ्रीकी उपमहाद्वीप के देशों, मध्य एशिया में अरब देशों एवं भारतीय उपमहाद्वीप स्थित देशों ने उक्त संगठनों में सुधार कार्यक्रम लागू करने के लिए आवाज उठाना शुरू कर दिया है। उक्त वर्णित लगभग समस्त अंतरराष्ट्रीय संगठनों की स्थापना 1900-2000 शताब्दी में की गई थी। इतने लम्बे अंतराल के बाद भी विश्व के अन्य देशों को इन संगठनों में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान नहीं की गई है। कुल मिलाकर, अमेरिका एवं यूरोपीयन देशों का दबदबा इन संगठनों की स्थापना के बाद से ही लगातार कायम रहा है।

भारत सदैव से ही एक शांतिप्रिय देश रहा है और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना में विश्वास करता आया है। इन्हीं कारणों के चलते भारत के लगभग समस्त देशों से अच्छे सम्बंध रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस और यूक्रेन दोनों ही देश युद्ध को समाप्त करने में भारत की मदद चाहते हैं तो उधर इजराईल-हमास/लेबनान/ईरान युद्ध में ये समस्त देश भी युद्ध को समाप्त करने में भारत की मदद चाहते हैं। दूसरी ओर, ग्लोबल साउथ सहित कई अफ्रीकी देश भी आज भारत का नेतृत्व स्वीकार करने को तैयार हैं। इन परिस्थितियों के बीच वैश्विक स्तर पर यह मांग बहुत जोर पकड़ती जा रही है कि भारत को यूनाइटेड नेशन्स की सुरक्षा समिति में स्थाई सदस्यता प्रदान की जाए। परंतु रूस, अमेरिका, फ्रान्स एवं अन्य वीटो प्राप्त देशों द्वारा भारत का समर्थन किए जाने के बावजूद यह कार्य सम्पन्न नहीं हो पा रहा है क्योंकि चीन नहीं चाहता कि भारत सुरक्षा समिति का स्थाई सदस्य बने और वीटो प्राप्त करने का अधिकारी बने।

उक्त संगठनों के इत्तर हाल ही में सम्पन्न हुई ब्रिक्स समूह देशों की बैठक में रूस, भारत एवं चीन की तिकड़ी बनती हुई दिखाई दे रही है। इस तिकड़ी द्वारा ब्रिक्स समूह की बैठक में लिए गए कुछ निर्णयों के चलते यदि भारत, रूस एवं चीन के बीच बदलते राजनीतिक एवं रणनीतिक सम्बंध इसी प्रकार आगे बढ़ते हैं तो इसका प्रभाव वैश्विक स्तर पर रणनीतिक, आर्थिक एवं राजनैतिक क्षेत्र पर भी पड़ेगा और आगे आने वाले दिनों में भारत के आर्थिक परिदृश्य में भी व्यापक बदलाव देखने को मिलेंगे। आज विदेशी व्यापार के मामले में अमेरिकी का भारत के साथ सबसे अधिक व्यापार होता है। दूसरे स्थान पर चीन है।

विशेष रूप से कोविड महामारी के बाद से भारत द्वारा किए जाने वाले तेल के आयात में, रूस से तेल के आयात में बहुत अधिक वृद्धि दर्ज हुई है इससे रूस के साथ भी भारत का विदेशी व्यापार तेजी से आगे बढ़ा है। इसके पूर्व तक भारत का विदेशी व्यापार यूरोपीयन देशों एवं अमेरिका के साथ ही अधिक मात्रा में होता आया है, परंतु हाल ही समय में इसमें कुछ परिवर्तन होता हुआ दिखाई दे रहा है क्योंकि एक तो यूरोपीयन देशों की आर्थिक वृद्धि दर कम हो रही है और दूसरे भारत को अपने विदेशी व्यापार में वृद्धि करने हेतु अब नए बाजार की तलाश करना आवश्यक हो गया है। दक्षिणी अफ्रीकी देश, मध्य एशिया के अरब देश, भारतीय उपमहाद्वीप में स्थित देश एवं चीन आदि देशों के रूप में भारत के उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार खड़ा हो सकता है। इस प्रकार, चीन के साथ हुए हाल ही के समझौते से केवल दोनों देशों के बॉर्डर पर ही शांति स्थापित नहीं होगी बल्कि चीन सहित अन्य पड़ौसी देशों के साथ भी भारत के सम्बंध सुधर सकते हैं। अतः भारत, रूस एवं चीन की दोस्ती यदि इसी प्रकार मजबूत होना आगे भी जारी रहती है तो पश्चिमी देशों का दबदबा अब विश्व में कम हो सकता है।

भारत की नीतियों के चलते भारत के विचारों को विश्व के समस्त देश अब गम्भीरता से लेने लगे हैं। भारत वैसे भी विश्व मित्र की भूमिका का निर्वहन करना चाहता है। भारत के आज विश्व के समस्त प्रभावशाली देशों के साथ प्रगाढ़ सम्बंध है। हां, कुछ देशों जैसे चीन के साथ कुछ मुद्दे हैं, जिन्हें सुलझाना शेष हैं परंतु भारत की संघर्ष जैसी स्थिति किसी भी देश के साथ नहीं है। कुछ देशों के साथ हमारी प्रतिस्पर्धा जरूर है परंतु शत्रुता नहीं है। अभी हाल ही में जून 2024 माह में भारत के प्रधानमंत्री ने इटली में जी-7 देशों के सम्मेलन में भाग लिया था, जुलाई 2024 माह में प्रधानमंत्री रूस में थे एवं रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन के साथ यूक्रेन युद्ध को हल करने एवं अन्य विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा में व्यस्त रहे। अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री यूक्रेन में पहुंचे एवं यूक्रेन के रूस के साथ युद्ध को हल करने सम्बंधी प्रयासों को गति देने का प्रयास किया। सितम्बर 2024 में प्रधानमंत्री अमेरिका पहुंचें एवं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ मुलाकात की एवं क्वाड सम्मेलन में जापान, आस्ट्रेलिया, एवं अमेरिका सहित भाग लिया। भारत के प्रधानमंत्री अक्टोबर 2024 में पुनः रूस में ब्रिक्स देशों के सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे। अक्टोबर माह में ही जर्मन के चांन्सलर भारत में पधारे। देखिए, विश्व के मई महत्वपूर्ण मंचों पर आज भारत अपनी उपस्थिति मजबूत तरीके से दर्ज कराता हुआ दिखाई दे रहा है। जी-7, क्वाड एवं ब्रिक्स सभी सम्मेलनों में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका स्पष्टतः दिखाई दे रही है। आज विश्व के समस्त प्रभावशाली देश भारत के साथ अपने सम्बन्धों को प्रगाढ़ करना चाहते हैं क्योंकि भारत का आर्थिक विकास तेज गति से आगे बढ़ रहा है, तेज गति से हो रही इस आर्थिक प्रगति के कारण भारत में विभिन्न उत्पादों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है और भारत पूरे विश्व में एक बहुत बड़े बाजार के रूप में विकसित हो रहा है तथा ये देश भारत में अपने विभिन्न उत्पादों के निर्यात को बढ़ाना चाहते हैं। दूसरे, भारत में कुशल एवं युवा नागरिकों की पर्याप्त उपलब्धता है जिसका उपयोग विश्व के अन्य देश भी करना चाहते हैं। तीसरे, भारत आज विश्व के शक्तिशाली देशों की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है एवं सुरक्षा की दृष्टि से भी बहुत शक्तिशाली देश बन गया है, भारत ने बहुत अच्छे स्तर पर अपनी मिलिटरी क्षमता को विकसित किया है। चीन की विस्तारवादी नीतियों के चलते अपने लगभग समस्त पड़ौसी देशों के साथ सम्बंध अच्छे नहीं है, साथ ही कोविड महामारी के दौरान चीन का व्यवहार विश्व के अन्य देशों के साथ ठीक नहीं रहा है, सप्लाई चैन पर आधारित कम्पनियों में समस्या खड़ी हुई थी जिससे लगभग पूरे विश्व में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता पर विपरीत प्रभाव पड़ा था। अतः विशेष रूप से विकसित देशों ने चीन+1 की नीति का अनुसरण करना प्रारम्भ किया है जिसका सबसे अधिक लाभ भारत को होने जा रहा है और ये देश भारत में अपने निवेश को बढ़ा रहे हैं एवं भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयों की स्थापना कर रहे हैं। उक्त कारणों के अतिरिक्त, भारत में स्थिर लोकतंत्र, स्थिर आर्थिक व्यवस्था, स्थिर सरकार एवं भारत के एक शांतिप्रिय देश होने के चलते भी अन्य देशों से निवेशक आज भारत की आकर्षित हो रहे हैं। इस प्रकार आज विश्व के लगभग समस्त शंक्तिशाली देश भारत के साथ मजबूत सम्बंध स्थापित करने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

भारत ने भी पिछले वर्ष, अपनी अध्यक्षता में, जी-20 समूह में कुछ अफ्रीकी देशों को शामिल कर अफ्रीकी महाद्वीप के समस्त देशों को प्रभावित करने में सफलता प्राप्त की थी। इन देशों पर इसका बहुत अच्छा असर भी हुआ था। भारत आज विश्व के कई समूहों में अन्य देशों की बीच सेतु के रूप में उभर रहा है। जी-7 से लेकर ब्रिक्स देशों के समूहों में भारत उपस्थित है, रूस एवं यूक्रेन दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त करने में भारत प्रभावशाली भूमिका निभा सकने की स्थिति में हैं। इसी प्रकार, इजराईल एवं ईरान के बीच भी मध्यस्थता की भूमिका निभाने को भारत तैयार है। भारत को विश्व के लगभग समस्त देशों के साथ अपने मजबूत होते रिश्तों को भारत के विदेश व्यापार में वृद्धि करने के रूप में इस्तेमाल करना चाहिए।

# सामाजिक समरसता के लिए लगातार सक्रिय संघ

**उमेश चतुर्वेदी**

मौजूदा दौर में शासन की सबसे बेहतरीन व्यवस्था जिस संसदीय लोकतंत्र को माना गया है, उसकी एक कमजोरी है। वोट बैंक की बुनियाद पर ही उसका समूचा दर्शन टिका है, इसलिए समाज को बांटना और उसके जरिए भरपूर समर्थन जुटाना उसकी मजबूरी है। यही वजह है कि कभी वह जानबूझकर, तो कभी अनजाने में समाज को बांटने की कोशिश करती नजर आती है। राजनीति के इन संदर्भों पर जब गौर करते हैं तो उसके ठीक उलट वैचारिकी से आगे बढ़ता हुआ एक संगठन दिखता है। निश्चित तौर पर वह संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। शतकीय यात्रा की ओर बढ़ रहा संघ हिंदू समाज को एक रखने के ध्येय वाक्य से रंच मात्र भी पीछे नहीं हटा। लेकिन राजनीति को जब भी मौका मिलता है, वह संघ को अपने दायरे में खींचने और उसको सवालों के कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करने लगती है। राजनीति को संघ को सवालों के घेरे में लाने का मौका हाल ही में मथुरा में दिए सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के बयान से मिला है। दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समाज को एक रखने के संदर्भ में योगी आदित्यनाथ के बयान 'कटोगे तो बंटोगे' का समर्थन किया है। योगी आदित्यनाथ ने पहली बार यह विचार अगस्त महीने में लखनऊ में कल्याण सिंह की याद में आयोजित एक कार्यक्रम में जाहिर किया था। उन दिनों बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का तख्तापलट की घटना ताजा थी। उसके बाद वहां के अल्पसंख्यकों यानी हिंदुओं पर चौतरफा हमले और अत्याचार जारी थे। उसका हवाला देते हुए आदित्यनाथ ने हिंदू समाज को इस नारे के जरिए एक रहने का संदेश दिया था। चूंकि भारतीय राजनीति का एक बड़ा हिस्सा अब भी सेकुलरवाद के चश्मे से ही दुनिया को देखता है, लिहाजा उसके निशाने पर आदित्यनाथ का यह बयान आना ही था। आदित्यनाथ का यह बयान राजनीति की दुनिया के उनके विरोधियों को घोर सांप्रदायिक लगना ही था। और जब इस बयान का दत्तात्रेय होसबोले का भी साथ मिल गया तो सांप्रदायिकता के छद्म विचार के आवरण में राजनीति करने वाली ताकतों को मौका मिलना स्वाभाविक है।

संघ को संकुचित अर्थों में हिंदुत्व का समर्थक बताया जाता रहा है। ऐसा करते वक्त सावरकर के उस विचार को भुला दिया जाता है, जो यह बताता है कि भारत वर्ष में जो भी जन्मा है, वह हिंदू है। तीन देशों की सीमाओं में बंट चुके भारत में मौलिक रूप से कोई गैर हिंदू है ही नहीं। पाकिस्तान के पत्रकार वसीम अल्ताफ का ट्वीट दीपावली के दिन एक्स पर चर्चा में रहा। जिसमें उन्होंने लिखा था कि काश उनके भी पूर्वज कुछ और तनकर खड़े रहते तो उन्हें भी होली और दीपावली जैसे उत्साह वाले त्योहार मनाने को मिलते। अपने इस ट्वीट के जरिए एक तरह से वे जाहिर कर रहे थे कि उनके पूर्वज भी हिंदू ही थे। संघ इसी विचार को मानता है, भारतीय यानी हिंदू। भारतीय समाज को कभी सांप्रदायिकता के आवरण में बांटा गया तो कभी जाति की संकीर्ण सोच के बहाने। संघ अपने जन्म से ही दोनों ही वैचारिकी का विरोध करता रहा है। इसके बावजूद उस पर कभी ब्राह्मणवादी होने तो कभी कुछ का आरोप लगता रहा है। किसी भी संगठन के किसी भी व्यक्ति के निजी तौर पर अपने विचार हो सकते हैं, उसकी सोच का असर उसके व्यक्तित्व पर पड़ सकता है। लेकिन वैचारिक रूप से संघ में ऊंच-नीच, भेदभाव की सोच नहीं रही है।



महात्मा गांधी ने भी संघ के 1934 के वर्धा के शिविर का दौरा किया था। संघ के उस शिविर में छूआछूत और ऊंचनीच का भाव न देखकर गांधी जी बहुत प्रभावित हुए थे। उन दिनों गांधी जी छूआछूत के खिलाफ अभियान चला रहे थे। उन्होंने तब माना था कि संघ के ऐसे प्रयास भारतीय समाज में बराबरी का भाव लाने में सफल हुए। राजनीति अक्सर महात्मा गांधी को लेकर संघ पर आरोप लगाती है कि वह महात्मा गांधी को नहीं मानता। संघ को सामाजिक रूप से बांटने को लेकर जब भी हमला किया जाता है, अक्सर गांधी विचार का ही सहारा लिया जाता है। हालांकि संघ ने कभी ऐसी कोई मंशा जाहिर नहीं की। उलटे गांधी संघ के समानता के विचारों से प्रभावित रहे। जिसकी तसदीक उनके द्वारा ही प्रकाशित हरिजन पत्रिका के 28 सितंबर 1947 के अंक में प्रकाशित एक रिपोर्ट करती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, गांधी जी ने दिल्ली में सफाईकर्मियों की बस्ती में हुए संघ के एक कार्यक्रम में 16 सितंबर 1947 को हिस्सा लिया था। इस रिपोर्ट में लिखा है,गांधी जी ने कहा कि वे कई साल पहले वर्धा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिविर में गए थे, जब संस्थापक श्री हेडगेवार जीवित थे। स्वर्गीय श्री जमनालाल बजाज उन्हें शिविर में ले गए थे और वे (गांधी) उनके अनुशासन, अस्पृश्यता की पूर्ण अनुपस्थिति और कठोर सादगी से बहुत प्रभावित हुए थे।

पहले कर्नाटक और बाद में बिहार में हुई जाति जनगणना के बाद राजनीति का एक हिस्सा पूरे देश में जाति जनगणना कराने को लेकर अभियान छेड़े हुए है। भारत में पहली बार जाति जनगणना 1931 में हुई थी। अंग्रेजों ने इसका इस्तेमाल भारत में अपने राज बचाने की कोशिश के रूप किया था। शायद दूसरे विश्व युद्ध और स्वाधीनता आंदोलन की तेजी की वजह से 1941 में जनगणना नहीं हुई। आजादी के बाद 1951 की जनगणना की जब तैयारी चल रही थी तो राजनीति के एक हिस्से ने जाति जनगणना की मांग रखी थी। लेकिन जनगणना के प्रभारी मंत्री के नाते तत्कालीन स्वराष्ट्र मंत्री सरदार पटेल ने इस मांग को खारिज कर दिया था।

पटेल का मानना था कि जाति जनगणना से सामाजिक तनाव बढ़ेगा और अंततः वह विखंडन को ही बढ़ावा देगा। कुछ ऐसी ही सोच संघ की भी है। हालांकि कुछ दिनों पहले संघ के प्रचार प्रमुख सुनील अंबेडकर ने जाति जनगणना का समर्थन किया था। जिससे माना गया था कि संघ भी जाति जनगणना के पक्ष में है। ऐसी सोच रखने वालों ने अंबेडकर के विचार के अगले हिस्से पर ध्यान नहीं दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रशासनिक कार्यों के लिए ऐसे आंकड़े जुटाए जा सकते हैं, लेकिन उनका राजनीतिक दुरूपयोग नहीं होना चाहिए।

# सड़क हादसे में बाप-बेटे समेत 6 की मौत

## मुंगेली में टायर फटने से पलटी बोलेरो, 3 मौत, सक्ती में 3 दोस्तों को ट्रेलर ने कुचला





**मीडिया ऑडीटर, मुंगेली/सक्ती एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में 2 अलग-अलग सड़क हादसे 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए हैं। मुंगेली के सरगांव थाना क्षेत्र में बोलेरो पलटने से बाप-बेटे समेत 3 लोगों की मौत हुई है। वहीं सक्ती जिले के डभरा थाना क्षेत्र में ट्रेलर ने 3 दोस्तों को कुचल दिया। दोनों की मौके पर मौत हो गई।

मिली जानकारी के मुताबिक कार सवार रायपुर से बिलासपुर की ओर जा रहे थे। वह सरगांव के पास पहुंचे थे, तभी रायपुर-बिलासपुर हा-130 पर गड्ढे से निकले छड़ से बोलेरो का टायर फट गया। इससे बोलेरो अनियंत्रित होकर होकर पलट गई।

**तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई:** हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। वहीं 4 की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सरगांव पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को राहगीरों और पुलिस ने बोलेरो से बाहर निकाला। एंबुलेंस के माध्यम से बिलासपुर सिम्स भेजा गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

**मृतकों की हुई पहचान:** मृतकों की पहचान हो गई है। बिसरु साहू (55) पिता पुन्नू साहू, छबीलाल साहू (20) पिता बिसरू साहू और इंद्रपाल उर्फ मोटू (35) पिता भगतराम पाल की जान गई है। वहीं घायलों में रूखमणी साहू, यू प्रसाद और महेश शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि हादसे में शामिल सभी बलौदाबाजार के सुहेला के हिरमी गांव के रहने वाले थे, जो पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने बिलासपुर सकरी जा रहे थे।

**दूसरा हादसा:** सक्ती जिले के बोडासागर में रविवार की रात करीब 9 बजे ट्रेलर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 3 दोस्तों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चिखली में काली पूजा उत्सव का आयोजन किया गया है, जहां मेला भी लगा है। मेला देखने जाते वक्त तीनों हादसे का शिकार हुए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक हादसे में गिरजा राम माली, नरेश माली, डोरी लाल माली को गंभीर चोट आई थी। हादसे के बाद डायल 112 की मदद से डभरा ष्ठाष्ट लाया गया। जहां डॉक्टर ने तीनो युवकों को मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस ने ड्राइवर को किया गिरफ्तार:** डभरा पुलिस ने बताया कि तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। सोमवार को पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया गया है। ट्रेलर को जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस परिवारढ्ढक्र दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

**शनिवार को 8 लोगों की हुई थी मौत:** बलरामपुर जिले के राजपुर में शनिवार रात साढ़े 8 बजे लड़ुवा गांव के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पानी भरे गड्ढे में जा घुसी, जिससे 8 लोगों की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल ड्राइवर ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। देर रात एक और युवक का शव गड्ढे से निकाला गया। मृतकों में एक ही परिवार के 4 सदस्य थे।

## नशे में युवक ने की बंदर की बेहरमी से पिटाई

### सब्जियों को पहुंचा रहा था नुकसान, अधमरी हालत में कानन पेंडारी जू में भर्ती



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में शराब के नशे में एक युवक ने बंदर की बेरहमी से पिटाई कर दी। बंदर को अधमरी हालत में कानन पेंडारी जू में भर्ती कराया गया है। बंदर की पिटाई का वीडियो वायरल होने के बाद सर्व हिन्दू समाज मामले की शिकायत सीपत थाने में की है।

घटना 29 अक्टूबर की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक बंदर नवागांव के रहने वाले मनोज यादव की बाड़ी में घुसकर सब्जियों को नुकसान पहुंचा रहा था। बंदर को भगाने के लिए मनोज और उसके परिवार के सदस्यों ने उस पर पत्थर से हमला किया। इस हमले में बंदर घायल हो गया और जमीन पर गिर गया। घायल बंदर को मनोज और उसके परिवार के सदस्य पानी पिलाने लगे। तभी गांव का ही रहने वाला सनत विश्वकर्मा शराब के नशे में मौके पर पहुंचा। सनत ने बंदर को देखते ही उसकी एक मोटे डंडे से पिटाई शुरू कर दी।

**लोग पानी पिलाते रहे, शराबी ने डंडे से किया हमला:** इस दौरान जब परिवार के लोग घायल बंदर को पानी पिलाने लगे, तभी गांव का ही रहने वाला सनत विश्वकर्मा शराब के नशे में वहां पहुंचा, उसने डंडे से बंदर पर हमला कर दिया। इस हमले में बंदर गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में घायल बंदर को इलाज के लिए कानन पेंडारी जू ले जाया गया।

बंदर पर हमले का वीडियो आया सामने

शराबी युवक के बंदर पर हमला करने का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि सनत बंदर को बेरहमी से पीट रहा है। आसपास के लोगों ने उसे रोकने की कोशिश भी की, लेकिन वह नहीं रुका और लगातार बंदर को घसीट-घसीट कर मारता रहा।

**सर्व हिन्दू समाज ने थाने में की शिकायत:** वीडियो वायरल होने के बाद सर्व हिंदू समाज के लोग रविवार शाम को सीपत थाना पहुंचे और आरोपी सनत विश्वकर्मा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने इस कृत्य को न केवल अमानवीय बल्कि हिंदू आस्थाओं पर भी चोट बताया। समाज के लोगों का कहना है कि बंदर को भगवान हनुमान का प्रतीक माना जाता है और इस तरह का व्यवहार धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है। सीपत थाना प्रभारी निलेश पाण्डेय ने बताया कि इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी और वन विभाग की टीम भी जांच कर रही है। जल्द ही आरोपी के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

## जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर नोडल क्षेत्रान्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चिरमिरी हेतु वर्कशॉप कैल्कुलेशन एण्ड साइंस 01 पद, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कटगोड़ी हेतु वर्कशॉप कैल्कुलेशन एण्ड साइंस 01 पद, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मनेंद्रगढ़ हेतु वर्कशॉप कैल्कुलेशन एण्ड साइंस 01 पद, वेल्डर हेतु 01 पद, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हेतु वर्कशॉप कैल्कुलेशन एण्ड साइंस 01 पद तथा कोपा हेतु 01 पद संस्थाओं में मेहमान प्रवक्ता पद हेतु व्यवसाय में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। उक्त संस्था/व्यवसाय में योग्य एवं निर्धारित अर्हताएं रखने वाले अभ्यर्थी 04 नवम्बर 2024 से 08 नवम्बर 2024 को समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक संस्था में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र नोडल अधिकारी/अधीक्षक, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था चिरमिरी जिला- मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में जमा कर सकते है।

# गर्लफ्रेंड से मिलने गए युवक की हत्या

## युवती के परिजनों ने पीट-पीटकर मार डाला, फिर लाश बिलासपुर के जंगल में फेंकी



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चापा में अपनी प्रेमिका से मिलने गए युवक की उसके परिजनों ने हत्या कर दी। इसके बाद उसकी लाश को बिलासपुर के चिल्हाटी गांव में लाकर फेंक दिया। मृतक युवक की पहचान टीकाराम केंवट (25) के रूप में हुई है, जो बलौदाबाजार का रहने वाला था।

पुलिस ने बताया टीकाराम शनिवार को अपने दोस्त के साथ जांजगीर-चांपा के डिगोरा गांव में रहने वाली अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था। मुलाकात के दौरान युवती के परिजनों ने दोनों को पकड़ लिया, जिसके बाद दोनों की बेरहमी से पिटाई की गई। बीच-बचाव कर रहे टीकाराम के दोस्त को भी बुरी तरह पीटा गया है, लेकिन वो किसी तरह मौके से भाग निकला और अपनी जान बचाई। पुलिस फिलहाल युवती के परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पूरा मामला पचपेड़ी थाना क्षेत्र का है।

**मौके से मिले बाइक से हुई मृतक की पहचान:** पचपेड़ी पुलिस को रविवार सुबह पचपेड़ी के जंगलों से खून से लथपथ लाश मिली थी। स्पॉट के चार किलोमीटर के रेडियस में छानबीन के दौरान पुलिस को एक बाइक और एक मोबाइल मिला। बाइक के नंबर के आधार पर पता चला कि शव टीकाराम है और मौके से मिला फोन किसी दीपक का है।

टीकाराम के परिवार से पूछताछ की गई तो मालूम पड़ा कि शनिवार दोपहर बारह बजे के करीब बड़े भाई की बाइक लेकर वो अपनी प्रेमिका से मिलने निकला था। इस दौरान टीकाराम के साथ उसका दोस्त दीपक वर्मा भी था। इसके बाद पुलिस ने दीपक को पकड़ा।

**युवती के पिता ने दोनों को मिलते हुए देख लिया:** दीपक ने बताया कि बेटी से टीकाराम को मिलते देख युवती के पिता ने अन्य परिजनों को भी मौके पर बुला लिया। सभी ने मिलकर टीकाराम की पिटाई शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पर उसे भी पीटा। लेकिन किसी तरह हमलावरों से जान बचाकर वो भाग निकला। इस दौरान उसका मोबाइल रास्ते में गिर गया था। पुलिस ने दीपक के बयान पर युवती के पिता सहित अन्य परिजनों को हिरासत में लिया है। सभी से पूछताछ जारी है।

**पहले दी समझाइश, नहीं माना तो मार डाला:** पूछताछ में अब तक यह बात सामने आई है कि मृतक टीकाराम का युवती से मिलना उसके परिजनों को पसंद नहीं था। कई बार युवती के परिजन टीकाराम को समझाइश दे चुके थे। फिर भी वो नहीं माना और युवती से मिलने जाता रहा, जिससे नाराज परिजनों ने मिलकर उसे मौत के घाट उतार दिया।

**हत्या के बाद शव को जंगल में फेंका:** पचपेड़ी पुलिस की जांच में पता चला कि मृतक टीकाराम की पीट-पीटकर हत्या करने के बाद आरोपियों ने शव को पचपेड़ी क्षेत्र के जंगल में फेंक दिया और भाग गए। पुलिस को युवती के पिता के साथ ही उसके भाई और जीजा समेत कुल पांच लोगों पर हत्या करने का संदेह है।

## रेलिंग से टकराकर पलटी यात्री बस

### 12 की हालत गंभीर, 35 लोग सवार थे, हादसे के बाद ड्राइवर फरार



**मीडिया ऑडीटर, बालोद एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के डौंडीलोहारा में यात्रियों से भरी बस पलट गई। घटना डौंडीलोहारा नगर अंडी मोड़ के पास हुई, जहां बस लोहे के रेलिंग से टकराते हुए सड़क किनारे 5 फीट नीचे पलट गई। बस में 35 से ज्यादा यात्री सवार थे।

सभी यात्रियों को चोट आई है, जिसमें 12 से ज्यादा यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना में कंडक्टर और बस मालिक को भी गंभीर चोट लगी है। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया है।

**ड्राइवर की लापरवाही से हुआ हादसा:** मुस्कान ट्रैवल्स की बस दुर्ग से डौंडीलोहारा की ओर आ रही थी। घटना के बाद मौके पर एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस की टीम पहुंची। बताया जा रहा है कि ड्राइवर की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकराई

मामले में डौंडीलोहारा पुलिस जांच कर रही है। यात्रियों से जब हमने बात की तो पता चला कि पहले बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने लोहे की रेलिंग से जा टकराई। इसके बाद बस पलट गई।

# बेटियों ने दिया पिता की अर्थी को कंधा

## मुखाग्नि देकर तोड़ी पुरानी परंपरा, कहा- उनकी इच्छा थी कि हम अंतिम संस्कार करें



**मीडिया ऑडीटर,एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ में 2 बेटियों ने सोमवार को न सिर्फ पिता के शव को कंधा दिया, बल्कि श्मशान घाट पर मुखाग्नि देकर अपना फर्ज अदा किया। पिता की चिता में मुखाग्नि सिर्फ बेटा ही दे सकता है। बेटियां चिता को आग नहीं दे सकतीं। इस सोच से ऊपर उठकर बेटी ने पिता का अंतिम संस्कार किया।

मनेन्द्रगढ़ के पत्रकार मनीष रैकवार (50) का रविवार दोपहर हार्ट अटैक से निधन हो गया था। निधन के दौरान घर पर उनकी पत्नी गायत्री रैकवार और बड़ी बेटी मनस्वी रैकवार थी। छोटी बेटी मान्यता रैकवार बेमेतरा में एग्रीकल्चर की पढ़ाई करती है।

रविवार दोपहर मान्यता को पिता के निधन की सूचना मिली। सोमवार को छोटी बेटी मान्यता रैकवार घर पहुंची। दोनों बेटियां पिता मनीष रैकवार को कंधा देकर श्मशान घाट तक पहुंची। छोटी बेटी ने मुक्तिधाम में पिता को मुखाग्नि दी।

**बेटियां बोली- पापा की इच्छा थी हम उनका अंतिम संस्कार करें:** बेटियों ने कहा कि पापा की इच्छा थी कि हम उनका अंतिम संस्कार करें। उनका बेटा नहीं था, लेकिन कभी भी उन्होंने हमें बेटे से कम नहीं समझा। घरवालों ने भी हमें बोला तुम्हें उनका अंतिम संस्कार करना चाहिए।

**'पिता ने कभी बेटा-बेटी में फर्क नहीं किया':** पुजारी रामचरित द्विवेदी ने कहा कि हमारे समाज में कई तरह की मान्यताएं है। सबसे बड़ा सवाल यह था कि उनका अंतिम संस्कार कौन करेगा? क्योंकि उनकी 2 बेटियां ही थी। मनीष ने कभी बेटा और बेटी में फर्क नहीं किया तो हम कौन होते हैं फर्क करने वाले।

## सेंट्रल जेल के बाहर बदमाश पर फायरिंग

### दो लोगों ने चलाई गोली, गले में धंसी बुलेट, भाई से मिलने आया था



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर एजेंसी।** रायपुर सेंट्रल जेल के बाहर आदतन बदमाश पर सोमवार दोपहर को गोली चल गई। शेख साहिल जेल में बंद अपने भाई से मुलाकात कर बाहर आया था। इसी दौरान अज्ञात दो लोगों ने उस पर फायरिंग कर दी। उसके गर्दन पर बुलेट धंसी है। शेख साहिल को रायपुर के अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

परिजनों ने बताया कि, आपसी रंजिश के चलते गफ्फार ने हमला करवाया है। शानू नाम के युवक ने गोली चलाई है। साहिल का भाई जेल में बंद है। पूरा परिवार आज उससे मिलने आया था। मुलाकात के बाद बाहर निकलते ही एक युवक बातचीत करने लगा। उसी दौरान दूसरे युवक ने गोली चला दी। वो करीब 9-10 लोग थे। हमला करने के बाद सभी भाग गए।

**जेल से बाहर निकलने के दौरान फायरिंग:** घटना के बाद एएसपी लखन पटले का कहना है कि, शाहरुख और शानू उर्फ सरफराज दोनों 307 के आरोपी हैं।

## सड़क किनारे खड़े युवक को ट्रेलर ने मारी टक्कर, मौत

### डांस प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहा था, आरोपी ड्राइवर फरार



**मीडिया ऑडीटर, कोरबा एजेंसी।** कोरबा जिले के उरगा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन ने सड़क किनारे खड़े युवक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रेलर का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। युवक को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि गेवरा बस्ती नराईबोध से माजदा वाहन में सवार होकर 12 लोग भौसमा गांव में होने वाली डांस प्रतियोगिता में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान 20 वर्षीय धीरज पटेल की तबीयत खराब हो गई। वह उल्टी करने लगा।

**सड़क किनारे खड़े युवक को मारी टक्कर:** माजदा वाहन के चालक ने सड़क किनारे वाहन खड़ा किया। युवक सड़क किनारे खड़ा होकर उल्टी कर रहा था, इस दौरान पीछे से आ रही ट्रेलर ने युवक को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि ओवरटेक के चक्कर में यह हादसा हुआ है। मृतक धीरज पटेल के बड़े पिताजी अश्वनी पटेल ने बताया कि धीरज को बचपन से ही डांस का शौक था गांव में ही रहने वाले युवकों ने एक डांस ग्रुप बनाया गया था। मृतक 12वीं का छात्र था।फिलहाल घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार ड्राइवर की तलाश में जुटी है।

## सुन्नी जामा मस्जिद मनेन्द्रगढ़ का चुनाव स्थगित

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड रायपुर के पत्र क्रमांक 1197/2024 रायपुर दिनांक 29 अक्टूबर 2024 के तहत सुन्नी जामा मस्जिद हनफिया गौसिया रजाए मुस्तफा कमेटी मनेंद्रगढ़ का 05 नवम्बर 2024 को आयोजित होने वाली चुनाव को निरस्त किये जाने के फलस्वरूप सुन्नी जामा मस्जिद मनेंद्रगढ़ का चुनाव स्थगित किया गया है।

# एशिया का सबसे बड़ा स्थायी छठ घाट

## दिवाली के बाद छठ महापर्व की तैयारियां शुरू, आज से 'नहाय-खाय' के साथ होगी शुरुआत





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** दिवाली के बाद अब देशभर में 5 नवंबर से छठ पर्व की शुरुआत होने वाली है। जिसकी तैयारियां अंतिम दौर चल रहा है। मुंबई का जुहू चौपाटी क्षेत्रफल के लिहाज से देश का सबसे बड़ा छठ घाट है। लेकिन यह स्थायी नहीं है।

जबकि, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एशिया का सबसे बड़ा स्थायी और व्यवस्थित घाट है, जहां 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालु एक साथ छठ पूजा करने आते हैं। त्योहार से पहले यहां अरपा नदी की महाआरती की जाएगी। बिहार, झारखंड और उत्तरप्रदेश में छठ पर्व ज्यादा मनाया जाता है, लेकिन पिछले एक दशक से छत्तीसगढ़ में भी उत्साह देखा जा रहा है। शहर में बसे पूर्वांचल के लोगों के साथ ही स्थानीय लोग भी इसे मनाने लगे हैं।

**नहाय खाय के साथ 5 नवंबर से शुरू होगी पर्व की शुरुआत:** शहर में छठ पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारी अरपा नदी के तट पर बने छठघाट की साफ-सफाई और रंग-रोगन के काम में जुट गए हैं। समिति के पदाधिकारियों ने महापर्व के सफल आयोजन के लिए तैयारियों का निरीक्षण कर सभी को जिम्मेदारियां सौंपी है।

**चार दिन का रहेगा छठ महापर्व:** 5 नवंबर को 'नहाय-खाय' से छठ की शुरुआत होगी। 6 नवंबर को 'खरना' मनाया जाएगा। षष्ठी तिथि 7 नवंबर गुरुवार को सुबह 12.41 बजे से शुरू होगी। यह 8 नवंबर शुक्रवार को सुबह 12.24 बजे तक चलेगी। उदया तिथि के अनुसार छठ महापर्व का संध्या अर्घ्य 7 नवंबर को व्रतधारी देंगे। महापर्व का समापन 8 नवंबर को सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा।

**7 एकड़ में फैला है बिलासपुर का छठघाट:** बिलासपुर जैसा स्थायी और बड़ा घाट तो पर्व के उम स्थल बिहार में भी नहीं है। छठ मुख्य रूप से बिहार प्रांत का पर्व है। पर्व मनाने घाटों, नदी या तालाब के घाटों का विशेष महत्व है। यहां डूबते और फिर उगते सूर्य को अर्घ्य देते हुए छठी मैया की पूजा-अर्चना की जाती है। छठ पूजा के लिए बिहार में सैकड़ों घाट हैं।

समिति के पदाधिकारी बताते हैं कि, अकेले राजधानी पटना में 82 घाट हैं, लेकिन सभी घाटों का एरिया महज 100 से 200 मीटर ही है। जबकि तोरवा स्थित छठ घाट साढ़े 7 एकड़ में फैला हुआ है। यहां एक किलोमीटर एरिया में पूजा और अर्घ्य के लिए बेदी बनाई जाती है। जिसमें 50 हजार से अधिक श्रद्धालु एक साथ सूर्य देव को अर्घ्य दे सकते हैं।

**मुंबई के जुहू को माना जाता है बड़ा छठघाट:** हालांकि, पूजा स्थल पर गौर करें तो मुंबई का जुहू स्थित चौपाटी सबसे बड़ा घाट माना जाता है। लेकिन यह स्थायी नहीं है। तोरवा छठ घाट स्थायी है, जहां स्थायी रूप से लाइटिंग, पार्किंग स्थल, सामुदायिक भवन, गार्डन और पुलिस चौकी भी है। दूसरी ओर देश के बाकी पूजा स्थलों पर गौर करें, तो यहां पर्व के दौरान महज तीन दिन व्यवस्था बनाई जाती है।

**देश में सबसे बड़ा और व्यवस्थित है छठ घाट:** पाटली पुत्र संस्कृति विकास मंच के प्रवीण झा ने बताया कि, देश में हमारे शहर से बड़ा और व्यवस्थित घाट और कहीं नहीं है। मुंबई की चौपाटी में जरूर छठ पूजा होती है। जिसकी वजह से वहां घाट का निर्धारण नहीं है। इस वजह से सबसे बड़ा पूजा स्थल वहां का माना जा सकता है। मगर एक व्यवस्थित और स्थायी घाट का जितना बड़ा एरिया तोरवा स्थित घाट है और कहीं नहीं है। शहर के लिए यह गर्व की बात है।

**कलेक्टर-एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा:** रविवार को कलेक्टर अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह ने अरपा नदी के किनारे बने छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने छठ पूजा के लिए चल रही तैयारियों का जायजा लिया। साफ-सफाई के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने छठ पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा भी तैयार की। इस बैठक में मुख्य रूप से साफ-सफाई, सुरक्षा, पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था सहित तमाम व्यवस्था सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।

## पठानकोट के बामियाल सेक्टर में खेत में मिला ड्रोन, बीएसएफ ने की सर्च ऑपरेशन की शुरुआत

**पठानकोट ( एजेंसी )।** पठानकोट के सीमावर्ती क्षेत्र बामियाल सेक्टर के अख्वाड़ा गांव में एक किसान के खेत में संदिग्ध ड्रोन मिलने से हड़कंप मच गया। यह ड्रोन भारत-पाक सीमा से करीब 2 किलोमीटर की दूरी पर गांव के एक व्यक्ति को गन्ने के खेत में पड़ा हुआ दिखाई दिया। गांववासियों ने तुरंत इसकी सूचना सीमा सुरक्षा बल के जवानों को दी, जिसके बाद बीएसएफ ने इलाके में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया। बीएसएफ की टीम ने आसपास के क्षेत्र की गहन तलाशी ली, लेकिन अभी तक किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। ड्रोन के मिलने से सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है, और सुरक्षा बलों ने निगरानी और सख्त कर दी है। बीएसएफ द्वारा यह जांच की जा रही है कि ड्रोन के माध्यम से सीमा पार से किसी प्रकार की अवैध गतिविधि को अंजाम देने की कोशिश तो नहीं की गई है।

## इंदौर में कंटेनर से टकराई कार, एक छात्र की मौत, पांच गंभीर

**इंदौर ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश की व्यापारिक नगरी इंदौर में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक कार सड़क पर खड़े कंटेनर से जा टकराई। इसमें एक छात्र की मौत हो गई और पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंदौर-भोपाल मार्ग पर लसूडिया थाना क्षेत्र के देवास नाके पर सोमवार सुबह यह हादसा हुआ। छह छात्र जो मूल रूप से दिल्ली, नोएडा और मुजफ्फरपुर के निवासी हैं, वे आष्टा स्थित एक विश्वविद्यालय में बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं। दीपावली के मौके पर सभी छुट्टी मनाने इंदौर आए थे , दोस्तों के साथ उन्होंने दीपावली मनाई और सोमवार सुबह भोपाल की तरफ जा रहे थे। उनकी कार काफी तेज रफ्तार में थी और देवास नाका के करीब खड़े एक कंटेनर से जा टकराई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा देखते ही वहां मौजूद लोग राहत और बचाव कार्य में जुट गए।

## झारखंड के सरायकेला में भीषण सड़क हादसा, तीन लोगों की मौत

**सरायकेला ( एजेंसी )।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में काला पत्थर गांव के पास रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में एक ट्रेलर और 407 के बीच सीधी टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर का चालक जिंदा जल गया और 407 के चालक और कंडक्टर की भी मौत हो गई। इसके अलावा हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल किसी भी मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों की गति इतनी तेज थी कि टक्कर होते ही ट्रेलर में आग लग गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए दौड़ पड़े। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। मृतकों की भी पहचान करने की कोशिश की जा रही है ताकि उनके परिवार को सूचना दी जा सके। हादसे के बाद सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी।

# किसानों को कृषि के अलावा वैकल्पिक कार्यों से भी जोड़ने के होंगे प्रयास-मुख्यमंत्री

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में राज्य स्तरीय हाथी टास्ट फोर्स गठित किया जाएगा। हाथी- मानव सह अस्तित्व सुनिश्चित करने के लिए हाथी मित्र बनाए जाएंगे। जिन क्षेत्रों में हाथियों की आवाजाही अधिक है, वहां किसानों की फसलों को बचाने के लिए सोलर फेंसिंग की व्यवस्था होगी। साथ ही किसानों को कृषि के अलावा कृषि वानिकी एवं अन्य वैकल्पिक कार्यों से भी जोड़ने के प्रयास होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में आने वाले समय में ऐसे वन क्षेत्र विकसित किए जाएंगे, जिसमें हाथियों की बसाहट के साथ सहअस्तित्व की भावना मजबूत हो सके। केंद्रीय वन मंत्री से भी इस संबंध में चर्चा हुई है। वे मार्ग दर्शन करेंगे जिससे वन विभाग इस क्षेत्र में ठोस कार्यवाही कर सके। जिन जिलों में हाथी वन क्षेत्रों में रह रहे हैं वहां हाथी मित्र जन-जागरूकता के लिए कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में उमरिया जिले के वन क्षेत्र में पिछले दिनों 10 हाथियों की अलग-अलग दिन हुई मृत्यु की घटना दुखद एवं दर्दनाक है, जिसे राज्य शासन ने गंभीरता से लिया है। वन राज्य मंत्री सहित वरिष्ठ अधिकारियों के दल ने क्षेत्र का भ्रमण किया है। प्रारंभिक रिपोर्ट में कोई कीटनाशक नहीं पाया गया है। पोस्ट मार्टम की विस्तृत रिपोर्ट आना शेष है। हाथियों के बड़े दल के रूप में आने की घटना गत दो तीन वर्ष में एक नया अनुभव भी है। उमरिया और सीधी जिले में बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी दिख रही है। ऐसे में फील्ड डॉयरेक्टर एवं अन्य अधिकारियों को सतर्क और सजग रहने की जरूरत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाथियों की मृत्यु की इतनी बड़ी घटना के समय फील्ड डॉयरेक्टर का अवकाश से वापस न आना और पूर्व में हाथियों के दल आने के संदर्भ में जो आवश्यक चिंता की जाना चाहिए, वह नहीं की गई। इस लापरवाही के लिए फील्ड डॉयरेक्टर श्री गौरव चौधरी को सस्पेंड किया



गया है। साथ ही प्रभारी एसीएफ श्री फतेह सिंह निनामा को भी निलंबित किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बांधवगढ़ क्षेत्र एवं अन्य वन क्षेत्रों में हाथियों के रहने की अनुकूल और आकर्षक स्थिति है। वन क्षेत्रों का प्रबंधन उत्तम होने से हाथियों के दल जो छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों से आया करते थे और वापस चले जाते थे वे अब वापस नहीं जा रहे हैं। यहां बड़े पैमाने पर हाथियों द्वारा डेरा डालने की स्थिति देखी जा रही है।

यह मध्यप्रदेश की वन विभाग की गतिविधियों का हिस्सा बन गए हैं। ऐसे में हाथियों की आवाजाही को देखते हुए स्वाभाविक रूप से स्थाई प्रबंधन के लिए शासन के स्तर पर हाथी टास्क फोर्स बनाने का निर्णय लिया जा रहा है। हाथियों को अन्य वन्य-प्राणियों के साथ किस तरह रहवास की सावधानियां रखना चाहिए, इसके लिए योजना बनाई जा रही है। इसमें कर्नाटक, केरल और असम राज्यों की बेस्ट प्रेक्टिसेस को शामिल किया जाएगा। इन राज्यों में बड़ी संख्या में हाथी रहते हैं। इन राज्यों में मध्यप्रदेश के अधिकारियों को भेजा जाएगा, जिससे सहअस्तित्व की भावना के आधार पर हाथियों के साथ बफर एरिया, कोर एरिया में बाकी का जन जीवन प्रभावित न हो, इसका अध्ययन किया जाएगा। हाथियों की सुरक्षा को भी खतरा न हो। इस पर हमने गंभीरता से विचार किया है। एक बात हमने और अनुभव की है। नजदीक के बफर एरिया के बाहर के जो मैदानी इलाके हैं वहां की फसलें उसमें सोलर फेंसिंग या सोलर पैनल द्वारा व्यवस्था कर फसलों को सुरक्षित किया जाएगा। यह मनुष्यों के लिए भी सुरक्षा का साधन होगा। वन विभाग को कहा गया है ऐसे क्षेत्रों में कहां-कहां कृषि हो रही है, उसे कैसे बचा सकते हैं। हाथी फसल नष्ट न कर पाएं, यह सुनिश्चित करना होगा। यह चिंता के साथ जागरूकता का भी विषय है। बफर क्षेत्र में ग्रामीण समुदाय की भागीदारी हाथियों और मानव के सहअस्तित्व को सुनिश्चित कर सके, जिससे यह एक दूसरे के साथ जीना सीख सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उमरिया जिले में जो घटना घटी है इसमें जनहानि को लेकर 8 लाख रुपए प्रति व्यक्ति के परिजन को दिया जाता था, उसको बढ़ाकर अब 25 लाख रुपए प्रति व्यक्ति करने का निर्णय लिया है। इस घटना में दो व्यक्तियों की मृत्यु हुई है उनके परिवारों को भी इससे जोड़ा है। कृषि वानिकी में अन्य प्रकार से वन क्षेत्र के प्राइवेट सेक्टर को जोड़कर पम्परागत खेती के अलावा अन्य कार्यों के लिए किसानों को प्रोत्साहित करेंगे। इससे किसान सामान्य फसल लेने के बजाए वन क्षेत्र की व्यवस्थाओं से जुड़ें और उसका लाभ लें। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि वन क्षेत्र में जो अकेले हाथी घूमते हैं और अपने दल से अलग हो जाते हैं, इनको रेडियो ट्रेकिंग का निर्णय लिया गया है। ट्रेकिंग कर उन पर नजर रखी जा सकेगी। आने वाले समय में ऐसी घटना न हो, भविष्य में इसका ध्यान रखा जा सकेगा। यह इस दिशा में ठोस कार्यवाही होगी। ऐसे अन्य महत्वपूर्ण उपायों को लागू करने के लिए विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के प्रयास किए जाएंगे। हाथियों का दल स्थाई रूप से मध्यप्रदेश में रहने लगा है अतः आमजन से भी सहयोग की अपेक्षा है। जिन जिलों में हाथियों की बसाहट है वहां बेहतर प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन के माध्यम से जन-जागरूकता के प्रयास किए जाएंगे और लोगों को आवश्यक जानकारी दी जाएगी। प्रदेश में टाइगर और अन्य वन्य-प्राणी जिस तरह स्थाई निवास करते हैं, अब हाथी भी हमारे वनों का हिस्सा बन गए हैं।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ली विस्तार पूर्वक जानकारी:** मुख्यमंत्री डा यादव ने आज मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में उमरिया से लौटे उच्च स्तरीय दल से हाथियों की मृत्यु के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की। वन राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार और अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक बर्णवाल ने उमरिया जिले के दौरे में विभिन्न पहलुओं की जांच और अध्ययन का विवरण दिया। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन बैठक में वर्चुअल शामिल हुए। अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री के सचिव श्री भरत यादव, आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## यूपी में 27,764 प्राइमरी और जूनियर स्कूलों को बंद करने का फैसला वंचितों के खिलाफ : प्रियंका गांधी

**लखनऊ ( एजेंसी )।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और वायनाड से उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने यूपी में 27764 प्राइमरी और जूनियर स्कूलों के बंद होने की चर्चा को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने इस फैसले को शिक्षा क्षेत्र के साथ-साथ दलित, पिछड़े, गरीब और वंचित तबकों के बच्चों के खिलाफ बताया है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स में लिखा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने 27,764 प्राइमरी और जूनियर स्कूलों को बंद करने का



फैसला लिया है। यह कदम शिक्षा के साथ-साथ दलित, पिछड़े, गरीब और वंचित तबकों के बच्चों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार शिक्षा के अधिकार का कानून लाई थी, इसके तहत व्यवस्था की गई थी कि हर एक किलोमीटर की परिधि में एक प्राइमरी विद्यालय हो, ताकि हर तबके के बच्चों के लिए स्कूल सुलभ हो। कल्याणकारी नीतियों और योजनाओं का मकसद मुनाफा कमाना नहीं, बल्कि जनता का कल्याण करना है। भाजपा नहीं चाहती कि कमजोर तबके के बच्चों के लिए शिक्षा सुलभ हो। इसके पहले इस मुद्दे पर बसपा प्रमुख मायावती भी सरकार को घेर चुकी हैं।

## मायावती का भाजपा व कांग्रेस पर निशाना

**लखनऊ ( एजेंसी )।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भाजपा और कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर निशाना साधा और कहा कि चुनाव में मिथ्या प्रचारों व वादों की भरमार लगा रखी है।

बसपा मुखिया मायावती ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि देश में व्यापक स्तर पर गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई तथा कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, साफ पानी एवं कानून व्यवस्था जैसी बुनियादी जरूरतों के अभाव से करोड़ों



लोगों का जीवन त्रस्त है, लेकिन भाजपा और कांग्रेस एवं इनकी सरकारें आरोप-प्रत्यारोप तथा महाराष्ट्र एवं झारखंड विधानसभा के चुनाव के मद्देनजर फिर से रेवड़ी व वादों की घोषणाओं में व्यस्त हैं।

उन्होंने कहा कि जन समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय भाजपा व कांग्रेस ज्यादातर आरोप-प्रत्यारोप की नकारात्मक राजनीति में ही व्यस्त हैं तथा चुनाव में मिथ्या प्रचारों व वादों की भरमार लगा रखी है। जबकि जनता देख रही है कि इनके द्वारा किए गए पिछले वादों का कितना बुरा हाल हो रहा है।

मायावती ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में चाहे कांग्रेस की सरकार हो या भाजपा की, इन दोनों पार्टियों द्वारा जनता से किए गए वादे निभाए नहीं जा रहे हैं।

## छठ पूजा : दिल्ली से चलायी जा रही 195 विशेष ट्रेन, स्टेशनों पर विशेष व्यवस्था

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार ने कहा कि छठ पूजा उत्सव के मद्देनजर भारतीय रेलवे इस साल दिल्ली क्षेत्र से 13 दिनों में 195 विशेष ट्रेनें चला रहा है।

इस पहल का उद्देश्य त्योहार के दौरान यात्रियों की भीड़ को सुविधाजनक बनाना है। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने छठ पूजा की भीड़ के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों से भी बातचीत की।

भारतीय रेलवे ने शुक्रवार को घोषणा की कि वह छठ पूजा के लिए यात्रियों की उनके गृहनगर तक सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए देश भर में विशेष ट्रेनें चलाएगा। रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने कहा कि भारतीय रेलवे ने गुरुवार को 160 से अधिक ट्रेनों का संचालन किया और रविवार को 170 से अधिक ट्रेनें चलाने की योजना बनाई है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : पुलिस ने झूठी धमकी संदेशों के पीछे के असली चेहरे किए बेनकाब

मुंबई। मुंबई के बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के बाद फैली दहशत में नई कड़ियाँ जुड़ती जा रही हैं। व्हाट्सएप पर आए धमकी भरे संदेशों ने पुलिस को सतर्क कर दिया। इन संदेशों में न केवल सलमान खान, बल्कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक को धमकियाँ दी गई थीं, और इनका उद्देश्य साफ था - दहशत का माहौल बनाना। पुलिस के मुताबिक, ये सभी धमकी संदेश एक सार्वजनिक व्हाट्सएप नंबर पर भेजे गए थे, जो आमतौर पर जनता की समस्याएँ सुनने के लिए ट्रैफ़िक पुलिस के पास मौजूद होता है। पुलिस ने



जब इन संदेशों की जाँच की, तो पाया कि ये धमकियाँ झूठी थीं, पर इनका उद्देश्य महज डर फैलाना था। धमकियाँ देने वालों ने सलमान खान को चेतावनी दी थी कि अगर वे धन नहीं देंगे, तो उनका भी हश्र बाबा सिद्दीकी जैसा होगा। 2 नवंबर को एक संदेश में धमकी दी गई कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस्तीफा देना चाहिए, वरना उन्हें भी बाबा सिद्दीकी जैसी ही सज़ा भुगतनी पड़ेगी। वर्ली पुलिस की जांच में पाया गया कि ये संदेश उल्हासनगर की एक महिला द्वारा भेजा गया था

## वक्फ विवाद : कर्नाटक भाजपा करेगी राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** 1974 वक्फ संपत्ति गजट अधिसूचना को वापस लेने और सरकार द्वारा सत्ता के कथित दुरुपयोग की केंद्रीय एजेंसियों से जांच कराने की मांग को लेकर भाजपा कर्नाटक इकाई सोमवार को विरोध प्रदर्शन करेगी।

सोमवार को होने वाले विरोध प्रदर्शन में भाजपा कथित भूमि हस्तांतरण विवादों को लेकर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान के इस्तीफे की भी मांग करेगी। बेंगलुरु में भाजपा कार्यालय में शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा विधायक सीएन अश्वथ नारायण ने घोषणा की कि पार्टी अपनी मांगों को लेकर 4 नवंबर को राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन आयोजित करेगी। भाजपा कर्नाटक वक्फ बोर्ड में मौद्रिक लाभ के लिए कथित रूप से झूठे रिकॉर्ड बनाने के लिए ईडी और सीबीआई से जांच की मांग कर रही है। भाजपा के मुताबिक, पिछले 50 वर्षों में बनाए गए रिकॉर्ड का इस्तेमाल अब अल्पसंख्यक तुष्टिकरण और वोटबैंक की



राजनीति के लिए किया जा रहा है। अश्वथ नारायण ने कहा, किसान, मठ और हिंदू मंदिर कथित तौर पर अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस द्वारा बनाए गए वक्फ अधिनियम के दुरुपयोग के बारे में चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि इससे किसानों में यह डर पैदा हो गया है कि वे अपनी जमीन खो सकते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि केवल नोटिस वापस लेना पर्याप्त नहीं है और मांग की कि किसानों के नाम संपत्ति के रिकॉर्ड में बहाल किए जाएं और 1974 के गजट नोटिफिकेशन को निरस्त किया जाए। शनिवार को वक्फ विवाद को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किया कि वे वक्फ भूमि के मुद्दों से संबंधित किसानों को भेजे गए सभी नोटिस तुरंत वापस लें, इस बात पर जोर देते हुए कि किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

यह निर्देश राजस्व विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग और वक्फ बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद दिया गया। सीएम सिद्धारमैया ने कुछ अधिकारियों द्वारा हाल ही में की गई कार्रवाई पर गहरा असंतोष व्यक्त किया।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, 87 दिन बाद आरोप तय-आरोपी संजय बोला- ममता सरकार मुझे फंसा रही, मुझे मुंह बंद रखने को कहा

**पश्चिम बंगाल ( एजेंसी )।** सियालदह कोर्ट ने कोलकाता के आरजी कर कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस के मुख्य आरोपी संजय रॉय के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। 11 नवंबर से मुकदमे की रोजाना सुनवाई होगी। सोमवार को पेशी के बाद पुलिस जब संजय को बाहर लेकर निकली तो पहली बार वह कैमरे पर कहता नजर आया कि ममता सरकार उसे फंसा रही है।



उसे मुंह न खोलने की धमकी दी गई है। आरजी कर अस्पताल में 8 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर किया गया था। 9 अगस्त को विक्टिम की बॉडी मिली थी। घटना के विरोध में डॉक्टरों ने 42 दिन तक प्रदर्शन किया था। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने अपनी चार्जशीट में संजय रॉय को मुख्य आरोपी बताया है। इसके अलावा केस को गैंगरेप की बजाय रेप केस बताया है। चार्जशीट में यह भी कहा गया है कि पीड़ित के शरीर से मिला सीमन सैंपल और खून आरोपी से मैच हो चुका है। वहीं क्राइम सीन पर मिले छोटे बाल भी फोरेंसिक जांच के बाद आरोपी के बालों से मैच हो गए हैं। सीबीआई की चार्जशीट में 100 गवाहों के बयान, 12 पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट, ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज, फोरेंसिक रिपोर्ट, मोबाइल की कॉल डिटेल और लोकेशन जैसी चीजें शामिल हैं। इसके अलावा वारदात के दिन आरोपी का इयरफोन और मोबाइल ब्लूटूथ से कनेक्ट हो गया था। इसे भी चार्जशीट में अहम सबूत माना गया है।

# चार साल तक साल तक पानी पिलाने के बाद मौके का पूरा फायदा उठाया विल यंग ने

**मुंबई नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन विलियमसन जैसे दिग्गज खिलाड़ी की जगह भरना आसान नहीं होता लेकिन न्यूजीलैंड की भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विल यंग ने चार साल तक रिजर्व बल्लेबाज के रूप में मैदान पर पानी पहुंचाने के बाद मिले इस मौके को अपनी खुद की पहचान बनाने के अवसर के रूप में देखा जिसमें वह सफल रहे। विलियमसन चोटिल होने के कारण तीनों टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए जिससे यंग को अंतिम एकादश में जगह बनाने का मौका मिला जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज ने बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच में नाबाद 48 रन बनाकर संकेत दे दिया था कि वह खुद को साबित करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यंग ने न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक जीत के बाद पत्रकारों से कहा,''चार साल पहले पदार्पण करने के बाद मैं टीम से अंदर बाहर होता रहा। मैं वर्षों तक रिजर्व बल्लेबाज रहा इसलिए मैं मैदान पर पानी पहुंचाने की भूमिका निभाने वाले खिलाड़ी की भावना को अच्छी तरह से समझता हूं।'' उन्होंने कहा,''जब मुझे मौका मिला तो मैं अपनी तरह से खेलने को लेकर अधिक उत्साहित था तथा मैंने केन की जगह लेने का प्रयास नहीं किया। मैंने अपना नैसर्गिक खेल खेला। मैंने इसे केन की जगह लेने के बजाय खुद के लिए बड़े मौके के रूप में देखा।'

# महिला क्रिकेट के लिए आईसीसी ने कर दिया बड़ा ऐलान, 4 वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी का होगा आयोजन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट परिषद यानी आईसीसी ने 2025-2029 तक के लिए महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए एक शेड्यूल जारी किया है। जिसे फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम नाम दिया गया है। ये पहल आईसीसी विमेंस चैंपियनशिप साइकल का हिस्सा होगी, जिसके तहत अगले 4 साल के भीतर महिला क्रिकेटरों के बीच 44 एकदिवसीय सीरीज खेलनी जाएंगी। लेकिन इस पहल की सबसे दिलचस्प बात ये है कि 2025-2029 तक प्रत्येक साल महिला क्रिकेटरों के लिए एक आईसीसी टूर्नामेंट करवाया जाएगा। ये प्रोग्राम 2029 महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप को नजर में रखते हुए सेट किया गया है। इमें 11 टीम भाग लेंगी। जिम्बाब्वे इस टूर्नामेंट में डेब्यू कर रहा होगा। जो महिला क्रिकेट की वैश्विक स्तर पर वृद्धि में योगदान देगा। अगले चार साल के भीतर हर टीम अपने घर पर चार और विदेशी सरजमीं पर भी चार वनडे सीरीज खेलेगी।



इस तरह कुल 44 सीरीज खेली जाएंगी। प्रत्येक सीरीज 3 मैचों की होगी, यानी सभी टीमों के बीच कुल 132 मुकाबले खेले जाएंगे। आईसीसी ये भी सुनिश्चित करेगा कि अगले चार साल के भीतर महिला इंटरनेशनल क्रिकेट में ज्यादा से ज्यादा मैच खेले जा सकें। बताते चलें कि ये प्रोग्राम 2025 महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप के बाद शुरू होगा। 2025-2029 तक महिला क्रिकेट टीमों के बीच 400 से ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेले जाएंगे। 2025 में महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप होगा जिसकी मेजबानी भारत करने वाला है। 2026 में महिला टी20 वर्ल्ड कप खेला जाएगा। अब तक सिर्फ पुरुष क्रिकेट में चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होता आया था, लेकिन 2027 में पहली बार महिला क्रिकेट टीमों के बीच भी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की रेस लगेगी। वहीं 2028 में फिर से टी20 वर्ल्ड कप खेला जाएगा। जिसे अब तक ऑस्ट्रेलिया 6 बार जीत चुका है।

# निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गंभीर पर उठ रहे सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अभूतपूर्व हार ने गौतम गंभीर को भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त होने के बमुश्किल तीन महीने बाद ही भारी दबाव में डाल दिया है। गंभीर को काफी धूमधाम से राष्ट्रीय टीम के कोच पद पर नियुक्त किया गया था। उन्हें इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन समिति की बैठक में भी शामिल किया गया था। राष्ट्रीय टीम के साथ उनके शुरुआती रिपोर्ट कार्ड से साफ पता चलता है कि भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज के लिए चीजें अच्छी नहीं दिख रही हैं। गंभीर को टीम चयन मामलों में भी काफी छूट दी गयी है और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अगर टीम के प्रदर्शन में बड़ा सुधार नहीं होता है तो आने वाले समय में टीम से संबंधित मुद्दों पर उतनी अहम भूमिका नहीं निभा पाएंगे।गंभीर के कमान संभालने के तुरंत बाद, भारत 27 वर्षों में पहली बार श्रीलंका से एकदिवसीय श्रृंखला हार गया और फिर न्यूजीलैंड ने रविवार को घरेलू टेस्ट में अपनी टीम का 3-0 से सफाया कर दिया। भारत का इससे पहले कभी भी तीन या उससे अधिक मैचों की श्रृंखला में सूपड़ा साफ नहीं हुआ था। टीम के साथ कोच केवल योजना ही बना सकता है लेकिन स्पिनरों के खिलाफ भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी जानने के बावजूद मुंबई में पूरी तरह से स्पिनरों की मददगार पिच के चयन करने पर उन पर सवाल उठ रहे हैं।

# मोहम्मद शमी रणजी के अगले 2 राउंड से बाहर हुए अनुभवी गेंदबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे मोहम्मद शमी को एक्शन में देखने के लिए फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। शमी जो रणजी ट्रॉफी में नजर आने वाले थे वह अगले दो राउंड के मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। बंगाल के लिए खेलने वाले ये तेज गेंदबाज के लिए बड़ा झटका है। 34 साल के शमी ने अपना पिछला मैच वनडे वर्ल्ड कप में खेला गया था। अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मैच के बाद से मैदान पर नजर नहीं आए हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए चुना नहीं गया था। वह बंगाल के पहले दो राउंड के मुकाबलों के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। बंगाल को पहला मैच बेंगलुरु और दूसरा मैच इंदौर में खेलना है। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक बंगाल के कोच लक्ष्मी रत्न शुक्ला ने कहा था कि शमी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए खुद को तैयार कर रहे थे। ऐसा करने से पहले वह रणजी ट्रॉफी खेलने चाहते हैं ताकि उन्हें मैच टाइम मिले। कोच को इस बात की भी खुशी भी कि टीम के चार खिलाड़ी इंडिया और इंडिया ए के लिए खेलते हैं। हालांकि, फिलहाल ये संभव होता नहीं दिख रहा है।

# टीम इंडिया की शर्मनाक हार पर ये क्या कह गए डेविड वॉर्नर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ होने के बाद भारतीय टीम सवालों के घेरे में है। हर तरफ भारतीय बल्लेबाजी की कड़ी आलोचना हो रही है। ऋषभ पंत को छोड़कर कोई भी भारतीय बल्लेबाज कीवी गेंदबाजों के सामने नहीं टिक पाया। सरफराज खान ने 171 रन जरूर बनाए लेकिन वह पांच पारियों में फ्लॉप रहे।

भारत को घर पर न्यूजीलैंड के हाथों क्लीन स्वीप झेलने के बाद 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भारतीय बल्लेबाजी को चिंता का विषय बता दिया है। वहीं डेविड वॉर्नर ने भारतीय टीम के जख्म पर नमक छिड़कते हुए ऑस्ट्रेलिया दौरे को लेकर वॉर्निंग दी है। वॉर्नर ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा कि, इससे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को मदद मिलेगी। भारतीय खिलाड़ी 3-0 से हारने के बाद यहां आ रहे हैं। वे ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों में उतरेंगे, जिसके पास तीन वर्ल्ड क्लास तेज गेंदबाज और एक वर्ल्ड क्लास स्पिन गेंदबाज है। अगर मैं भारत के बल्लेबाजी क्रम में हू तो मैं भी नर्वस होता। हालांकि, वॉर्नर ने न्यूजीलैंड की फील्डिंग की सराहना की और उपमहाद्वीप में उनके प्रदर्शन को शानदार बताया। वॉर्नर ने कहा कि, मैं उनके पहले टेस्ट को देखूं तो उन्होंने कुछ बेहतरीन कैच पकड़े थे। इससे माहौल तैयार हो गया। अगर आप इस तरह के कैच लेते हैं और आप बढ़त हासिल करते हैं। सीरीज में 1-0 से आगे रहते हैं तो य बड़ी बात है। मुझे पता है कि भारत में जीतना कितना मुश्किल है। न्यूजीलैंड ने जो कारनामा किया है वो बेहतरीन है।

## पाकिस्तान स्पिन ट्रैक पर भारत को... वसीम अकरम के बयान पर लग जाएगी भारतीय फैंस को मिर्ची

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत को पहली बार घरेलू जमीं पर हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड ने भारत को घर पर टेस्ट सीरीज में 3-0 से रौंदा। इस हार के बाद भारतीय टीम की निंदा पूरी दुनिया में हो रही है। ऐसे में पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान कहां पीछे रहने वाला है। पाकिस्तान के कई क्रिकेट एक्सपर्ट भारत की इस हार पर अपनी-अपनी राय दे रहे हैं। ऐसे में पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने जो बयान दिया है उसे भारतीय फैंस के लिए पचा पाना मुश्किल होगा। दरअसल, वसीम अकरम ने कहा है कि अगर पाकिस्तान टीम स्पिन ट्रैक पर भारत के खिलाफ खेलती है तो वह जीत सकती है। ये बात उन्होंने ऑस्ट्रेलिया वर्सेस पाकिस्तान पहले वनडे के दौरान कमेंट्री करते हुए कही। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन मैच की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला मेलबर्न में खेला जा रहा है। इस दौरान माइकल वॉन और वसीम अकरम एक साथ कमेंट्री कर रहे थे। उस दौरान वॉन ने भारत की हार पर चर्चा करते हुए कहा कि, मैं भारत और पाकिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज देखना चाहता हूं। जिसके जवाब में वसीम अकरम बोले कि, ये बहुत बड़ी सीरीज होगी। ये खेल के लिए, क्रिकेट के दीवाने दो देशशों के लिए अच्छा होगा। वॉन ने आगे कहा कि पाकिस्तान भारत को टर्निंग ट्रैक पर हरा सकता है। इसके जवाब में वसीम अकरम ने बोले कि, पाकिस्तान के पास अब स्पिनिंग ट्रैक पर भारत को टेस्ट में हराने का मौका है।

## जय शाह के बाद कौन होगा बीसीसीआई का नया सचिव?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जय शाह आईसीसी के चेयरमैन बन चुके हैं जिसके बाद वो 1 दिसंबर से अपना कार्यकाल संभालेंगे। अब तक जय शाह बीसीसीआई के सचिव के रूप में काम कर रहे हैं, लेकिन अब उनकी जिम्मेदारी बदल जाएगी। वहीं अब सवाल ये उठ रहा है कि उनके बाद बीसीसीआई का सचिव कौन होगा? एक रिपोर्ट के सामने आने से कहा जा रहा है कि, जय शाह के बाद बीसीसीआई सचिव बनाने की जिम्मेदारी दिवंगत नेता अरुण जेटली के बेटे अरुण जेटली को ये जिम्मेदारी मिल सकती है।

दिल्ली एंव जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट रोहन जेटली को जय शाह के बाद बीसीसीआई का सचिव बनाया जा सकता है। रोहन जेटली के अलावा गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनिल पटेल का नाम भी सामने आ रहा है। हालांकि, रोहन जेटली इस रेस में पहले नंबर पर चल रहे हैं।

रोहन जेटली इन दिनों दिल्ली एंव जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में काम कर रहे हैं। इससे पहले भी रोहन जेटली के बीसीसीआई सचिव बनने की रिपोर्ट्स सामने आई थीं, जिसे उन्होंने पूरी तरह से खारिज कर दिया था। हालांकि, अभी इस मसले पर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

रिपोर्ट में इस बात का भी खुलासा हुआ है कि जय शाह के रिप्लेसमेंट को लेकर बोर्ड में किसी भी तरह की विशेष आम बैठक नहीं होगी। इससे पहले 29 सितंबर को हुई वार्षिक आम बैठक में भी जय शाह के रिप्लेसमेंट का एजेंडा शामिल नहीं था।

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को चारों खाने किया चित, सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने मेहमान टीम पाकिस्तान को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर दो विकेट से हराकर हरा दिया। इसके साथ ही मेजबान ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। कप्तान पैट कमिंस ने दो विकेट भी चटकाए और 32 रन बनाकर नाबाद लौटे। पाकिस्तान तीन-तीन मैचों की वनडे और टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई दौर पर है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए ये मुकाबला काफी ज्यादा रोमांचक स्थिति में पहुंचा।

लो स्कोरिंग मैच में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई। एक समय ऑस्ट्रेलिया को 19 रनों की जरुरत थी, जबकि उसके महज दो ही विकेट बचे थे। इसके बाद कप्तान पैट कमिंस ने जिम्मा उठाया और मेजबान टीम को रोमांचक मैच में जीत दिलाई। पाकिस्तान 203 रनों पर सिमट गया जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने 33.3 ओवर में 8 विकेट पर 204 रन बनाकर पहला मुकाबला जीत लिया। 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही।



ऑस्ट्रेलिया ने 28 रनों तक मैथ्यू शॉर्ट और जेक फ्रेजर मैकगर्क के विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद स्टीव स्मिथ और जोश इंग्लिश ने मिलकर स्कोर 113 रनों तक पहुंचाया। स्मिथ 44 रन बनाकर जबकि जोश 49 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद एक के बाद एक विकेट गिरते चले गए और ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 185 रनों पर आठ विकेट हो गया। कप्तान पैट कमिंस ने स्टार्क के साथ मिलकर टीम को दो विकेट से रोमांचक जीत दिलाई।

# बॉर्डर-गावस्कर से पहले केएल राहुल और ध्रूव जुरेल को मिला खास मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली शर्मनाक हार के बाद अब भारतीय टीम से अभी भी फैंस बड़ी उम्मीद लगाए बैठे हैं। भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा 22 नवंबर से शुरू हो रहा है। जहां दोनों टीमों के बीच पांच टेस्ट मैचों के तहत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जाएगी। इसके लिए भारतीय टीम में केएल राहुल और ध्रुव जुरेल भी शामिल हैं। इस सीरीज से पहले राहुल और जुरेल को खास मौका मिलने वाला है। दोनों खिलाड़ियों को इंडिया ए टीम में शामिल किया जा सकता है। इस सीरीज से पहले प्रैक्टिस के लिए अहम माना जा रहा है। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल और युवा विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले अभ्यास का अहम मौका मिला है। दरअसल, रिपोर्ट्स के मुताबिक बीसीसीआई ने दोनों खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया के मौजूदा दौरे में शामिल करने का फैसला किया है। एक्सप्रेस स्पोर्ट्स के मुताबिक राहुल और जुरेल मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय अनऑफिशियल टेस्ट में हिस्सा लेंगे। जो 7 से 10 नवंबर के बीच खेला





जाएगा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए केएल राहुल और ध्रुव जुरेल को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। जुरेल को विकेटकीपर ऋषभ पंत के बैकअप के तौर पर रखा गया है जबकि सरफराज खान की जगह राहुल को रखे जाने की संभावना है। राहुल का प्रदर्शन हाल ही में ठीक नहीं रहा है ऐसे में ये अनऑफिशियल टेस्ट उनके लिए खुद को साबित करने का बेहतरीन मौका हो सकता है।

# समाधान ऑनलाईन के विषयों की शिकायतों पर विशेष फोकस करें : अपर कलेक्टर

## समय सीमा प्रकरणों की बैठक






**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे ने विभागीय अधिकारियों को समाधान ऑनलाईन के विषयों की सीएम हेल्पलाइन पर विशेष फोकस कर शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सोमवार को समय सीमा प्रकरणों की बैठक में सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में प्रत्येक माह के अंतिम सोमवार को समाधान कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम राहुल सिलाडिया, एपी द्विवेदी, एलआर जांगड़े, सुधीर बेक, अधीक्षक यंत्री विद्युत पीके मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में अपर कलेक्टर ने कहा कि फोर्स क्लोज की जाने वाली शिकायतों में भविष्यात्मक कार्यवाही की टीप अंकित नहीं करें। सीएम हेल्पलाइन की एक हजार दिवस से लंबित सभी शिकायतों का इस हफ्ते निराकरण करें, निराकृत नहीं हो सकने वाली शिकायतों में स्पष्ट और तर्क संगत टीप के साथ फोर्स क्लोज अथवा डिमांड क्लोजर के लिए शिकायतवार जानकारी प्रस्तुत करें। अपर कलेक्टर ने राजस्व विभाग की लंबित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की एसडीएम और तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की लंबे समय से लंबित शिकायतें पृथक से एसडीएम और तहसीलदार को प्रेषित की जाए। अधिसूचित सेवाओं की 65 कुल समय बाह्य हो रही शिकायतों को प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर ने खरीफ उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा की।

इस मौके पर बताया गया कि जिले में 61 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन किया गया है। अपर कलेक्टर ने कहा की खरीदी केन्द्रों पर नियमानुसार खरीदी प्रक्रिया का पालन करें। खरीफ उपार्जन में इस बार फसल गिरदावरी में बोये गए रकवे के आधार पर ही खरीदी की जाएगी। बैठक में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सतना और मैहर जिले में नगर पंचायत, ग्राम रोजगार सहायक, आशा, आशा सहयोगिनी, एएनएम सहित कुल 2623 आईडी सक्रिय हैं।

जिनके माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। कोई भी हितग्राही अपने मोबाइल में आयुष्मान ऐप डाउनलोड कर स्वयं भी अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। अपर कलेक्टर ने कहा कि वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने ग्रामवार हितग्राही लक्ष्य निर्धारित करें। सभी क्षेत्रों और ग्रामों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाये तथा मॉनिटरिंग कर दैनिक प्रगति की समीक्षा भी करें।

# लगातार बढ़ रही है महिला अपराधों की संख्या

## पुलिस नहीं कर पा रही खुलासा, नर्स से गैंगरेप के आरोपी अभी भी फरार



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को सुलझाने में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। हाल ही में ड्यूटी पर जा रही एक नर्स के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया, लेकिन घटना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस आरोपियों को पकड़ने में असफल रही है। अब तक न तो आरोपियों की पहचान हो सकी है, न ही किसी को हिरासत में लिया गया है।

**अज्ञात महिला का शव भी रहस्य बना हुआ है:** इससे पहले भी जिले में कई गंभीर अपराध हुए। जिनमें पुलिस कोई ठोस नतीजा नहीं निकाल पाई। नवंबर 2017 में मानिकपुर के सूअरगाढ़ा गांव में दो युवतियों की लाश मिलने का मामला हो, या दिसंबर 2019 में बरगढ़ में अज्ञात युवती की हत्या, इन मामलों में भी पुलिस अब तक कोई सुराग नहीं जुटा सकी है। इसी तरह, अगस्त 2023 में नेशनल हाइवे किनारे मिली एक अज्ञात महिला का शव भी रहस्य बना हुआ है।

अब लोगों में चिंता बढ़ रही है कि बरगढ़ में नर्स के साथ हुए गैंगरेप का मामला भी कहीं इसी तरह अनसुलझा न रह जाए। 26 अक्टूबर को हुई इस घटना के बाद से लोगों में आक्रोश और पुलिस की निष्क्रियता पर निराशा है। लोग यह सवाल उठा रहे हैं कि आखिर कब तक महिलाओं के खिलाफ अपराधों में पुलिस की निष्क्रियता यूं ही जारी रहेगी?

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

## परिचित ने युवती को धोखे से घर बुलाकर किया था रेप



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना में नागौद थाना क्षेत्र में पुलिस ने युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया। घटना 2 नवंबर की बताई जा रही है। आरोपी सुबेन्द्र बसोर (22) पिता अशोक बसोर युवती का पुराना परिचित था। उसने पीडिता को धोखे से अपने घर बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद युवती ने अपने परिवार को पूरी बात बताई। परिवार ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

टीआई नागौद अशोक पांडेय ने बताया कि आरोपी शनिवार शाम उसके घर आया। उसने घर में घुसे सुअर को भगाने के लिए मदद मांगी। परिचित होने के कारण युवती उसके साथ चली गई। इसके बाद आरोपी ने उसे कमरे में बंद कर दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दी।

टीआई ने कहा कि युवती ने अपने परिजन के साथ थाना पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 64 (1) ए 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## रेप पीड़िता व परिजनों से मिले पूर्व विधायक

# न्याय में देरी से सरकार पर उठाए सवाल, धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी



**मीडिया ऑडीटर, मऊ निप्र।** मऊ के चित्रकूट बरगढ़ में बीती 26 अक्टूबर को अस्पताल की महिला कर्मचारी के साथ हुई दरिंदगी के मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान मध्य प्रदेश के सिरमौर के पूर्व विधायक राजकुमार उरमलिया ने भी पीड़िता से मुलाकात कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक राजकुमार उरमलिया ने बरगढ़ में नर्स के घर जाकर परिजनों और पीड़िता से बात की। उन्होंने कहा कि अब तक घटना का खुलासा न होने से सरकारी तंत्र पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की, अन्यथा धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी।

**कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना:** कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कुशल पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार रामराज्य की बातें करती है, लेकिन पूरे प्रदेश में जंगलराज कायम है। अपराधी बेखौफ होकर दिनदहाड़े सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि घटना के आठ दिन बीत जाने के बाद भी अपराधी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रंजना बराती पाण्डेय ने भाजपा सरकार के बेटियों की सुरक्षा के दावों को हवा-हवाई बताया और कहा कि धरातल पर महिलाओं और बेटियों के खिलाफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं।

# बरदाडीह मे आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

## कचरे से खाद बनाएं और उससे शहर की हरियाली बढ़ाएं : धर्मेंद्र सिंह



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** नगर पालिक निगम सतना के तत्वावधान में इंजी.धर्मेंद्र सिंह द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बरदाडीह में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में कचरे से खाद बनाने पर जोर दिया गया! इंजी.धर्मेंद्र ने मटका विधि से होम कंपोस्टिंग की विधि विस्तृत रूप से सबको समझाते हुए सभी को बताया कि,यदि हर घर में सब्जी के कचरे, फल-फूल के कचरे को होम कंपोस्ट विधि से खाद में बदल देंगे तो शहर का बहुत बड़ा कचरा घरों में ही खाद बन जाएगा! इस प्रकार शहर में कचरे की मात्रा भी कम होगी तथा बनी हुई खाद से सभी लोग कुछ ना कुछ सब्जियां, फल-फूल ,पौधे आदि लगाएंगे तो शहर में हरियाली की मात्रा बढ़ेगी! हरा भरा स्वच्छ सतना होने पर शहर में प्राण वायु ऑक्सीजन की मात्रा में भी वृद्धि होगी ! जिससे शहर वासियों का स्वास्थ्य बेहतर होगा और शहर में खुशनुमा माहौल बनेगा।

कार्यक्रम में सुषमा तिवारी (प्रधान अध्यापिका), विभा सिंह,पल्लवी सिंह, संध्या द्विवेदी, राजकुमारी, शिवकुमारी, रूपाली कुशवाहा तथा छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में स्वच्छता के सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा के साथ-साथ मतदाता जागरूकता,नशा मुक्त भारत अभियान, भ्रष्टाचार मुक्त समाज एवं अपराध मुक्त समाज के प्रयास पर भी इंजी.धर्मेंद्र सिंह ने जोर दिया तथा उन्होंने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई! कार्यक्रम के अंत में प्रधान अध्यापिका सुषमा तिवारी ने इंजी.धर्मेंद्र को धन्यवाद ज्ञापित

# आप का प्रदर्शन : प्रदेश में बढ़ते अपराध के खिलाफ निकाली सरकार की शवयात्रा, पुलिस से हुई झड़प



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में अपराध के बढ़ते ग्राफ पर विरोध जताते हुए सोमवार को सतना में प्रदर्शन किया। आप कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार पर नाकामी का आरोप लगाते हुए शव यात्रा निकाली। इस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया।

आम आदमी पार्टी की यूथ विंग ने सोमवार को शहर के सेमरिया चौक पर स्थित अंबेडकर प्रतिमा का सामने प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष हर्ष बागरी के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में यूथ विंग के प्रदेश सचिव देवांशू द्विवेदी भी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में शामिल हुए युवा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के प्रदेश की मोहन यादव सरकार को अपराधों पर नियंत्रण लगा पाने में नाकाम करार दिया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार की शव यात्रा निकालकर सरकार की नीतियों और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए। प्रदर्शनकारियों ने हमारी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता और अपराधियों को सख्त सजा जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन और शव यात्रा निकाले जाने की खबर मिलने पर पहुंची कोलगवां पुलिस के साथ प्रदर्शनकारियों की झड़प भी हुई। बाद में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया और थाना ले गई।

इस दौरान आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश सचिव देवांशू द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में बढ़ते अपराध ने आम जनता की जिंदगी को खतरे में डाल दिया है। प्रदेश के मुखिया मोहन यादव की नीतियां नाकाम साबित हुई हैं। हमें अब सड़कों पर उतरकर अपनी आवाज उठानी पड़ रही है।

आम आदमी पार्टी सतना यूथ विंग के जिलाध्यक्ष हर्ष बागरी ने कहा- हम मांग करते हैं कि सरकार तत्काल प्रभाव से सुरक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे।

**पुलिस ने इन्हें किया गिरफ्तार:** प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह, जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष सुखेन्द्र सिंह और अनुराग सिंह, जिला सचिव अनिल गर्ग, यूथ विंग के प्रदेश सचिव देवांशू द्विवेदी, यूथ विंग के जिलाध्यक्ष हर्ष बागरी, ओबीसी विंग के जिलाध्यक्ष इंजीनियर नरेंद्र कनौजिया, युवा नेता राहुल सिंह परिहार, डॉ. मदन कुशवाहा, मेदनी प्रताप सिंह, मनीष प्रताप सतनामी उपस्थित रहे।

# धमकियों से परेशान युवक ने लगाई फांसी

## पत्नी ने बचाया, परिजन बोले- बाबा भरत दास से परेशान था



**मीडिया ऑडीटर, चित्रकूट निप्र।** चित्रकूट के लालपुर में नारियल और बताशा बेचने वाले गरीब लोग बाबा भरत दास के डर और धमकियों के कारण भारी परेशानी में हैं। ताजा मामला केशव प्रसाद केसरवानी का है। जिन्होंने आज सुबह फांसी लगाने की कोशिश की। उनकी पत्नी ने समय पर देख लिया और उन्हें बचा लिया, नहीं तो एक और गरीब की जिंदगी खत्म हो जाती।

**सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया:** लोगों का कहना है कि बाबा भरत दास की दबंगई से उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कई बार प्रशासन से शिकायत करने के बाद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है। गांव के लोग मानते हैं कि बाबा को प्रशासन का समर्थन मिला हुआ है। जबकि गरीबों की कोई सुनवाई नहीं होती।

इससे पूरा लालपुर परेशान है और सवाल कर रहा है कि आखिर कब तक ऐसे हालात में उनकी जिंदगी बर्बाद होती रहेगी। बाबा भरत दास ने इन सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य जारी

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमनुसार 1 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 का एकजाई प्रारूप निर्वाचन नामावली का प्रारूप प्रकाशन 29 अक्टूबर को सतना एवं मैहर जिले की विधानसभा क्षेत्रों के सभी 1950 मतदान केन्द्रों में एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय के साथ-साथ आयोग द्वारा अधिसूचित स्थानों पर किया गया है। 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय में प्रत्येक मतदान केन्द्र में नियुक्त बीएलओ द्वारा दावा आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। आयोग द्वारा 9 नवम्बर (शनिवार), 10 नवम्बर (रविवार) तथा 16 नवम्बर (शनिवार) एवं 17 नवम्बर (रविवार) को विशेष कैम्प आयोजित किए जायेंगे।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखडे ने बताया कि जिन युवा मतदाताओं की उम्र 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है। ऐसे युवक/युवतियां अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए संबंधित मतदान केन्द्र के बीएलओ से सम्पर्क कर फार्म-6 भरकर बीएलओ को देकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते हैं। साथ ही मृत/स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाता जिन्हें अपना नाम मतदाता सूची से हटवाना है ऐसे मतदाताओं के नाम फार्म-7 भरकर हटाये जा सकते हैं। इसी अनुक्रम में फोटो निर्वाचक नामावली में किसी प्रकार के संशोधन के लिए फार्म-8. भरकर बीएलो को देकर अशुद्ध प्रविष्टियों का सुधार किया जा सकेगा।

# राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरूस्कार के आवेदन 7 नवम्बर तक

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय के द्वारा वर्ष 2024 के अर्जुन, द्रोणाचार्य, मेजर ध्यानचंद खेलर% एवं राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कर के आवेदन 7 नवम्बर 2024 तक आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन करने के लिए डेडिकेटिड पोर्टल पर आवेदन भेजने के दिशा-निर्देश जारी किये गये है।

प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिले के इच्छुक आवेदक आवेदन फार्म आनलाइन जमा कर एक प्रति निर्धारित अभिलेख कार्यालय में प्रस्तुत करें। जिससे संचालनालय खेल और युवा कल्याण भोपाल को निर्धारित समय सीमा में प्रेषित किया जा सके।

# नशे में धुत कार चालक ने फ्लाई ओवर में दौड़ाई कार, जान बचाकर भागने लगे लोग

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सिरमौर चौराहा फ्लाई ओवर में उस समय भगदड़ मच गई जब एक तेज़ रफ्तार कार लहराते हुए लोगों के सामने आ गई। कार को देखकर लोग फ्लाई ओवर से भागने लगे। दरअसल नशे में मदहोश शख्स कार को चला रहा था। चालक ने रॉन्ग साइड में कार ले जाकर डिवाइडर से टकरा दी।

# सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की सहयोग राशि कराएं जमा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। अपर कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण करें। सभी एसडीएम किसान सम्मान निधि तथा सीमांकन के प्रकरणों का विशेष प्रयास करके निराकरण कराएं। त्योंथर, हुजूर तथा मनगवां अनुभागों में बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं। सीएम हेल्पलाइन में भी प्रकरणों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण न होने के कारण कई विभागों की रैंकिंग में गिरावट आई है। सभी अधिकारी 50 दिन से अधिक से लंबित शिकायतों तथा अक्टूबर माह की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कराएं। महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, ऊर्जा विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, वित्त विभाग, आदिमजाति कल्याण विभाग तथा पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग प्रकरणों के निराकरण में विशेष ध्यान दें। बैठक में अपर कलेक्टर ने कहा कि बजट आवंटन के कारण सीएम हेल्पलाइन के जो प्रकरण लंबित हैं उनके संबंध में माँग पत्र वरिष्ठ कार्यालय को तत्काल भेजें। समुचित कारण होने पर ही आवेदन को फोर्स क्लोज करें। सभी अधिकारी सशस्त्र सेना झण्डा दिवस की इस वर्ष की सहयोग राशि दो दिवस में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में जमा करा दें। सैनिक कल्याण कार्यालय के बैंक खाते में भी ऑनलाइन राशि जमा कराने की सुविधा है। समय सीमा में सहयोग राशि जमा न करने पर दोगुनी राशि देनी होगी। यह राशि भूतपूर्व सैनिकों तथा सैन्य विधवाओं के कल्याण में व्यय की जाती है। सभ अधिकारी हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वेच्छा से अधिकतम सहयोग राशि जमा कराएं। जिला शिक्षा अधिकारी प्राचार्यों से भी सहयोग राशि जमा कराएं।

बैठक में अपर कलेक्टर ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न वितरण की सतत निगरानी करें। सभी राजस्व अधिकारी उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण नियमित रूप से करें। उप संचालक कृषि किसानों को खाद और बीज की आपूर्ति की नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को खाद का वितरण कराएं। जिला प्रबंधक मार्कफेड आवश्यक होने पर बड़े खाद वितरण केन्द्रों में अतिरिक्त काउंटर की व्यवस्था करें। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को धान उपार्जन की तैयारी के संबंध में भी निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट, एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।